# छत्तीसगढ़ बंद का दिखा असर दुकानों के शटर नहीं खुले





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ बंद का असर पोड़ी में दिखा , दुकानें बंद दिखी लेकिन कवर्धा से बिलासपुर और पंडरिया से रायपुर जाने वाली बस चलती हुई सुबह 9 बजे के आसपास दिखी । मेडिकल दुकानें खुली दिखी और पान ठेला , होटल , मोबाइल दुकान , कपड़ा दुकानें , गाड़ी स्पेयर दुकान , सैलून दुकान भी पोड़ी गांव में बंद दिखी लेकिन बस में जाने वाले यात्री खुश दिखे लेकिन कई निजी स्कूल ओर सरकारी स्कूल खुले दिखे । रामकृष्ण पब्लिक स्कूल वाले बच्चे भी स्कूल जाते हुए बस में दिखे।

# गुरुकुल के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय शालेय कराते प्रतियोगिता में चयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 सितंबर।** जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता में गुरूकुल स्कूल कें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में गुरूकुल स्कूल से कुल 4 खिलाड़ियों का चयन दुर्ग संभाग से हुआ था, जिन्होने राज्य स्तरीय मुकाबले में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व किया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 4 खिलाड़ी होने वाले राष्ट्रीय शालेय कराते प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगता में 14 वर्ष बालिका वर्ग में कक्षा 7वीं की उर्वि चंद्रवंशी एवं कक्षा 8वीं की माधूरी यादव ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया वहीं 14 वर्ष बालक वर्ग में कक्षा 7वीं से दुर्गेश कुसरो ने अपने विराधियों को कांटे की टक्कर देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं 17 वर्ष बालिका वर्ग में कक्षा 9वीं की अदिति मानिकपुरी ने 60 किलो वजन में अपना स्थान सुरक्षित करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा किया। इस उपलब्धि पर संस्था के समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक, ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों क्रीडाध्यापकों को हार्दिक बधाइयाँ व शुभकामनाएँ दी।

## एक नजर

### एम्स के सीईओ ने स्वास्थ्य सेवा केंद्र एवं संयंत्र का किया भ्रमण

**भिलाई, 21 सितंबर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स-रायपुर) के कार्यपालक निदेशक और सीईओ, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ अशोक जिंदल ने 18 सितंबर को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र (एनओएचएस) और संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान डॉ अशोक जिंदल, सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता से भी मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल (एम्स, रायपुर) डॉ लक्ष्मीकांत चौधरी भी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ अशोक जिंदल के साथ थे। बीएसपी के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र पहुंचने पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, एसीएमओ डॉ आर राम तथा एमओ डॉ एस के ठाकुर ने उनका स्वागत किया। डॉ जिंदल द्वारा डॉक्टरों के लिए सॉफ्ट स्किल्स पर एक रोचक प्रस्तुति दी गई। डॉ एस के ठाकुर द्वारा वित्तीय वर्ष के लिए एनओएचएससी की गतिविधियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई और श्रीमती इंद्रजीत कौर द्वारा एनओएचएससी के कोंफ्रेन्स हॉल में आयोजित कार्यक्रम का समन्वयन किया गया।

### संजय गौड़ ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी

**भिलाई, 21 सितंबर।** भिलाई महाराणा प्रताप चौक के पास सेक्टर-सात झोपड़पट्टी ससुराल में संजय गौड़ ने गुरुवार की रात पत्नी आरती गौड़ की गला घोंटकर हत्या कर दी और लाश को बोरी में छिपा दिया घटना के बाद आरोपित रातभर वहीं झोपड़ी में रहा और उठकर अपने घर रूआबांधा चला गया वहां पर उसने अपने छोटे भाई को हत्या के बारे में जानकारी दी इसके बाद ये मामला भिलाई नगर पुलिस तक पहुंचा और आरोपित को गिरफ्तार किया रूआबांधा कुंदरापारा शिव नगर निवासी आरोपित संजय गौड़ (36) ने गुरुवार रात करीब 11 बजे पत्नी आरती (32) की गला घोंटकर हत्या कर दी आरती कुछ महीने से सेक्टर-सात झोपड़पट्टी स्थित मायके में रह रही थी रात को आरोपित ने पत्नी को अपने घर चलने के लिए बोला तो उसने इन्कार कर दिया इस बात पर दोनों में विवाद हुआ आरती रात में करीब 11 बजे घर के बाहर बाथरूम गई तो पति भी उसके पीछे पहुंचा और गला घोंटकर हत्या कर दी इसके बाद लाश को एक बोरी में बाथरूम के पीछे छिपा दिया और कमरे में जाकर सो गया सुबह उठकर अपने घर चला गया आरती भी रोजाना सुबह काम पर चली जाती थी, इसलिए परिवार वालों को भी लगा कि वह काम पर गई है पुलिस ने आरोपित संजय को हिरासत में लिया और उसकी निशानदेही पर आरती की लाश को बरामद किया आरोपित चिकन दुकान में काम करता था। वहीं आरती लोगों के घर झाड़ू, बर्तन, पोंछा आदि का काम करती थीभाई को दी हत्या की जानकारी, तब भिलाई नगर पुलिस तक पहुंचा मामला ।

### 10 लाख रु.की ठगी, गिरफ्तार



**भिलाई, 21 सितंबर।** भिलाई पीडब्लूडी में नौकरी के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 10 लाख रुपए ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 420,468,468,471,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है भट्टी टीआई राजेश साहू ने बताया कि क्वाटर नंबर 24बी, सड़क 36, सेक्टर - 4 निवासी अजय कुमार पटेल के पिता चिंतामणी पटेल बीएसपी कर्मी है। रामकुमार कोरी नामक व्यक्ति भी उनके सयंत्र में कार्यरत था। रामकुमार कोरी सेवानिवृत्त होने पर चिंतामणी को झांसे में लेकर अजय पटेल को पीडब्लूडी विभाग में नौकरी लगाने का झांसा दिया इसके बाद राम कुमार कोरी ने पीड़ित को बताया कि बेटा सिद्धार्थ कोरी पीडब्लूडी विभाग में नौकरी करता है। सिद्धार्थ कोरी के द्वारा प्रगति नगर सड़क 11अ, मकान नंबर 16/03, ए. पी. शर्मा का मकान नेवई निवासी अभिजीत विश्वकर्मा नामक युवक से मुलाकात कराया रामकुमार कोरी ने अभिजीत को पीडब्लूडी विभाग का बड़ा अधिकारी बताकर पीड़ित से मुलाकात कराया। नौकरी के लिए अभिजीत ने पीड़ित से 10 लाख रुपए का डिमांड किया बेटे की नौकरी के लिए पीड़ित चिंतामणी पटेल ने पहले 5 लाख रुपए और अलग अलग किस्तों में 5 लाख रुपए रामकुमार कोरी, सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा को दिया। सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा पीडब्लूडी विभाग का अजय कुमार पटेल के नाम नियुक्ति पत्र, परिचय पत्र का फर्जी पत्र दिया। पीड़ित ने जब पता किया तो उक्त पत्र फर्जी निकल गया। इस दौरान रामकुमार कोरी, सिद्धर्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा एक राय होकर पीड़ित को ठगी का शिकार बनाया है

### चाकू से जानलेवा हमला

**भिलाई, 21 सितंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के बालाजी नगर जोन-दो में बदमाश एल नरेश ने पुराने विवाद के चलते सतीश कुमार दलाई पर चाकू से जानलेवा हमला किया घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया वहीं पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर गिरफ्तार किया है न्यायालय पेश करने के बाद रिमांड पर जेल भेजा गया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर जोन-दो खुर्सीपार निवासी सतीश कुमार दलाई गुरुवार की रात को घर के पास नकम्मा मोहल्ला में एक दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान रात साढ़े नौ बजे आरोपित ने पुराने विवाद को चाकू मार दिया।



# पीएम के जन्मदिन पर पंडरिया विधायक भावना ने किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,21 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पंडरिया में सेवा दिवस मनाया गया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा इस अवसर पर 18 सितंबर को स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के नगर पालिका, शासकीय अस्पताल, नगर पंचायत अंतर्गत लगभग 115 से अधिक सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए स्वच्छ भारत अभियान में उनकी अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि सबसे पहले मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई प्रेषित करती हूँ और भगवान श्रीराम से उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हूँ, जिनके सेवाभाव से प्रेरित होकर हमने आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस प्रकार राष्ट्र सेवा सर्वप्रथम की अवधारणा के साथ देश के हर व्यक्ति, वर्ग एवं समुदाय के हित और देश के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है वह हम सभी के लिए एक आदर्श है। एक आदर्श जनप्रतिनिधि एवं देश के प्रधान सेवक कैसा होता है, उसकी परिभाषा व जिम्मेदारियों को उन्होंने अपने व्यक्तित्व से प्रदर्शित कर हम सभी का मार्गदर्शन किया है। हमारे सफाई कर्मियों के पांव पखारकर उनके प्रति प्रधानमंत्री के आदरभाव ने हमें प्रेरणा दी है, जिससे हम यह कार्यक्रम आयोजित कर पाएं हैं।हमारे पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका, नगर पंचायत शासकीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम ग्राम पंचायतों में हमारे स्वच्छता मित्र दिन-रात अपनी सेवाएं दे रहें हैं। आज ऐसे ही हमारे क्षेत्र के स्वच्छता मित्रों,उनके परिश्रम व अपने कार्यों के प्रति उनकी निष्ठा का हमने सम्मान करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की ही। आज पंडरिया विधानसभा नित नए विकास के आयाम स्थापित कर रहा है । भावना बोहरा ने कहा कि हमारे स्वच्छता मित्र दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हमें एक स्वच्छ वातावरण एवं हमारे गाँव,शहर व प्रदेश को स्वच्छ रखने के लिए परिश्रम कर रहें हैं। उनके इसी परिश्रम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हमने आज उन्हें सम्मानित किया। आज प्रधानमंत्री जी के अथक प्रयासों से हमारे स्वच्छता कर्मियों को एक सम्मानित स्थान मिला है। उनके प्रति लोगों को सोच में भी परिवर्तन आया है और आज लोग उन्हें सफाई कर्मी नही बल्कि स्वच्छता मित्र के नाम से संबोधित कर रहें हैं। हमें बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि आज हमें उनका सम्मान करने का अवसर मिला है और आने वाले समय मे भी हमारा यह प्रयास जारी रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के शुभारंभ की दसवीं वर्षगांठ का उत्सव मनाने के लिए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें हमारे स्वच्छता मित्रों का योगदान बहमूल्य है। अभियान के तहत ÷स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता÷ के संकल्प के साथ देश भर में स्वच्छता के प्रयासों में नागरिको की भागीदारी और सामूहिक कार्यों की भावना को प्रज्वलित किया जाएगा। इसके अंतर्गत समग्र समाज के तीन महत्वपूर्ण स्तंभों स्वच्छता लक्ष्य इकाई, स्वच्छता में जनभागीदारी और सफाई मित्र शिविर पर केंद्रित रहेगा। मैं समस्त जनता से भी आग्रह करूंगी की इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ें और हमारी स्वच्छता मित्रों के साथ स्वच्छ भारत लक्ष्य को निरंतर आगे बढ़ाते रहें।इस अवसर पर समस्त भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कविता-वाचन में गुरुकुल जिले में प्रथम



**कवर्धा, 21 सितंबर।** जनपद की सुप्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने अभ्युदय स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय देशात्मबोधक कविता-वाचन प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित थी प्रथम वर्ग के अन्तर्गत कक्षा नवीं एवं दसवी के विद्यार्थियों में कक्षा दसवीं की छात्रा समृद्धि राजपूत प्रथम स्थान प्राप्त की। द्वितीय वर्ग कक्षा ग्यारहवीं - बारहवीं में, कक्षा बारहवीं विज्ञान की छात्रा तान्या परिहार द्वितीय स्थान प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में जिले भर से सोलह विद्यालयों ने भाग लिया। इनमें गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है। गुरूकुल परिवार इनसे गौरवान्वित है। इसमें हिन्दी विभाग की विशेष भूमिका रही। इस उपलब्धि पर संस्था के समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक, ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की है।

## संकुल केंद्र खोपली में एनएमएमएसी की कक्षाएं प्रारंभ



**उतई, 21 सितंबर।** संकुल केंद्र खोपली के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोपली एवं घासीदास नगर के लगभग 65 बच्चों के लिए शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के विवेकानंद सभागार में जिला एनएमएमएसी के प्रभारी शिक्षक पवन सिंह, नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू तथा ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला सरपंच मंजू वर्मा, संकुल समन्वयक प्रणव मंडरिक व इंद्रेश बंजारे, प्रधान पाठक एच सी देवांगन व सी एल रघुवंशी, अश्वनी यादव, रामती पाटिल दीपक साहू रामेश्वरी चंदेल संतोषी कश्यप रोशनी चंद्राकर सहित विभिन्न स्कूल से आए लगभग 65 बच्चे उपस्थित थे।

# किसानों का मुद्दा गरमाने लगा



**पाटन,21 सितंबर।** असोगा एवं आसपास के गांवों के किसानों के खेतों के बीचो बीच पावर ग्रिड ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी के द्वारा वर्तमान में बिजली टावर और तार खींचने का कार्य करने से किसान आक्रोशित होकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से समाधान के लिए उनके निवास स्थान भिलाई गए थे। किसानों ने एक स्वर में धान कटाई तक कार्य करने से मना करने एक पत्र पूर्व मुख्यमंत्री को दिया गया। आक्रोशित किसानों ने कहा है कि हमारे फसल निकल रहे है और खड़ी फसल में ट्रैक्टर घुसा कर फसल को बर्बाद कर रहे है किसानों ने चेतावनी दी है कि मांगे नहीं मानने पर किसानों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन और बिजली टावर कंपनी पावर ग्रिड की होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने एसडीएम पाटन से मामले की जानकारी लेते हुए कहा है कि फसल कटते तक तार खींचने का कार्य नहीं किया जा अन्यथा वे स्वयं किसानों के साथ खेत पर बैठने की बात कही आपको बता दें कि पूर्व में किसानों ने एसडीएम पाटन को कार्य बंद कराने की ज्ञापन दिया गया था फिर भी पावर ग्रिड कम्पनी के द्वारा जबरदस्ती बलपूर्वक किसानों को डरा धमका कर खेतों में ट्रैक्टर चलाने का कार्य शुरू दिए थे। पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने असोगा के किसान गण राजेंद्र बघेल के नेतृत्व में रमेश साहू जीवनंदन वर्मा अश्वनी वर्मा डोमन चंद्राकर भूषण साहू जगत पाल वर्मा दीपक यादव शेखर वर्मा कौशल साहु कमलेश ठाकुर राधे ठाकुर राजेश यादव विमल साहू आदि किसान उपस्थित थे।

# रिसाली मैराथन में शामिल हुए लोग स्वच्छता संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर

**रिसाली।** नगर पालिक निगम ने शनिवार को मैराथन का आयोजन किया। सुबह 8 बजे शुरू हुए दौड़ में सरकारी स्कूल के बच्चें, बी.एस.एफ. के जवान, योग लंगर परिवार और बड़ी संख्या में नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में मैराथन दौड़ का आयोजन किया। रिसाली निगम के द्वारा कराए गए मैराथन में निगम क्षेत्र के 1000 से ज्यादा लोगों ने दौड़ लगाई। एक किलोमीटर के दौड़ में रिसाली को स्वच्छ बनाने के नारे भी लगाए। दौड़ के पहले निगम आयुक्त ने समाज सेवी, समाजिक संगठन और स्वयं सेवी संस्थाओं से परिचय लिया। मैराथन को हरी झंडी महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, संजू नेताम, ममता सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे आदि उपस्थित थे।



## रूपा को पीएम आवास की अपेक्षा



**कवर्धा,21 सितंबर।** शुक्रवार को झाड़ू , सोपा , टोकनी बेचने वाले ने कहा की तीस रुपया से लेकर डेढ़सो रुपया तक का सामान मिलता है । सरकार से अपेक्षा के सवाल पर वार्ड 27 के महिला रूपा और पति कृष्णा ने कहा की पीएम आवास मिल जाय तो बहुत अच्छा होगा और मार्केटिंग के सवाल पर कहा की बिक्री कम हो रही है ।कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे ने चर्चा करते हुए बताया की हितग्राहियों को लगातार पीएम आवास दी जा रही है और पात्रता हितग्राही होने पर अवश्य दी जाएगी ।



कवर्धा। दशरंगपुर में भी दिखी दुकानें बंद

# अतिक्रमण पर तड़के नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाई



**भिलाई, 21 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत नंदनी रोड एवं पावर हाउस फल मण्डी, पार्किंग पर निगम की बड़ी तोड़फोड़ कार्यवाही की गई। निगम क्षेत्र में नंदनी रोड के किनारे करूणा हॉस्पिटल से लेकर पावर हाउस चौक, छावनी थाना तक अवैध फल विक्रेता, ठेला-खुमचा, टीन शेड लगाकर दुकान संचालन किया जा रहा था। जिससे सड़क में बाधा उत्पन्न हो रही थी। ग्राहकों से रोड जाम हो रहा था, दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। आयुक्त अशोक द्विवेदी स्वयं मौके पर उपस्थित होकर अतिक्रमण पर तोड़फोड़ की कार्यवाही की निगरानी कर रहे थे। अतिक्रमण की कार्यवाही बिना किसी भी भेदभाव के एक सिरे से की गई। इसी प्रकार छावनी थाने से लेकर करूणा अस्पताल तक तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। ऐसी शिकायत मिल रही थी कि रोड के ऊपर अतिक्रमण करके व्यवसाय किया जा रहा है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था अवरुद्ध हो रही है । सभी व्यापारियों को नोटिस दिया गया, मुनादी भी कराया गया। संयुक्त जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम भिलाई की संयुक्त टीम बनाकर सुबह 6 बजे स्थल पर पहुंच गये। कार्यवाही करुणा अस्पताल से शुरू किया गया। एक-एक करके थाना छावनी तक कार्यवाही जारी रहा। सुबह के समय कार्यवाही इस लिए किया गया कि किसी प्रकार का ट्रैफिक व्यवस्था अवरूद्ध न हो। तोड़फोड़ कार्यवाही के दौरान निगम भिलाई तहसीलदार गुरूदत्त पांच भाई, दुर्ग तहसीलदार क्षमा यादव, जोन आयुक्त बी के वर्मा, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, जे.पी. तिवारी, प्रशन्न तिवारी, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उपअभियंता शेखर सुमन मरकाम, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, तोड़फोड़ के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन 23 को

**भिलाई, 21 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में 23 सितम्बर सोमवार को अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन संध्या 7.30 बजे से किया जाएगा। आयोजन में नई दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हास्य एवं व्यंग्य कवि अरुण जैमिनी व चिराग जैन तथा भिलाई नगर के गीतकार किशोर तिवारी अपनी मनोरंजक काव्य प्रस्तुति देंगे। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित इस काव्य संध्या में श्रोताओं के लिये प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है।

### सेल एथलेटिक्स अकादमी में प्रवेश हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 21 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सत्र 2024 से 2027 के लिए सेल एथलेटिक्स अकादमी में प्रवेश हेतु दिनांक 23 से 26 अक्टूबर तक अकादमी परिसर, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4, भिलाई में चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। चयन स्पर्धा हेतु खिलाड़ियों को 22 अक्टूबर को प्रातः 09 से शाम 05 बजे तक एथलेटिक्स अकादमी परिसर, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य है।

### अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण करने भिलाई-चरौदा निगम के कर्मचारी पहुंच रहे घर-घर

**भिलाई-3।** भिलाई-चरौदा नगर निगम द्वारा सभी-40 वार्डों में पिछड़ा वर्ग से संबंधित लोगों का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन आदेश के आधार पर भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने सर्वेक्षण कार्य की सफलता के लिए स्वयं फिल्ड में उतरकर मोर्चा संभाला हुआ है। साथ ही निगम के सभी सहायक राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्र रक्षकीय-लिपिकीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी दायित्व से संलग्न किया गया है। सर्वेक्षण करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित प्रपत्र में परिवार की सदस्य संख्या, शैक्षणिक योग्यता, आय के अलावा अन्य जानकारी भी दर्ज की जानी है जिसमें निवासरत परिवार का मकान स्वयं का है या किराये का, शौचालय घर में है या नहीं, पीने के पानी के लिए घर में नल है या किसी सार्वजनिक नल से पानी घर के उपयोग के लिए लिया जाता है। इसके अतिरिक्त परिवार में दिव्यांग जनों की संख्या उपलब्ध वाहन इत्यादि ये सभी जानकारी संकलित करनी है। इतनी जानकारी प्राप्त करने पर एक परिवार का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होता है। शासन की मंशा के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग में आने वाले सभी परिवारों और सदस्यों की जानकारी एकत्र करने की कार्यवाही की जा रही है।

## निधन

### अनुभव त्रिपाठी



**भिलाई, 21 सितंबर।** अनुभव त्रिपाठी उम्र 41 वर्ष का असामयिक निधन शुक्रवार 20 सितम्बर को हो गया है वे के पी एस ग्रुप के सचिव प्रमोद त्रिपाठी के पुत्र एवं एम एम त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी के भतीजे थे । अंत्येष्टि कार्यक्रम 21 शनिवार को प्रातः वाराणसी में सम्पन्न हुआ ।

## निधन

### सुमित्रा मिश्रा



**भिलाई, 21 सितंबर।** सुमित्रा मिश्रा उम्र 90 वर्ष का निधन 20 सितम्बर शुक्रवार को हुआ है। वे नेहरू नगर पूर्व निवासी हितेन्द्र मिश्रा की माताजी एवं के पी एस ग्रुप के चेयरमेन एम एम त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी की सासु माँ थीं। अंतिम संस्कार का कार्यक्रम आज शनिवार को प्रातः वाराणसी में सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ बंदः सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें रहीं बंद



**नगरी 21 सितंबर।** कवर्धा की घटना को लेकर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान का असर नगरी में व्यापक रूप में दिखाई दिया, ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा कल लाउडस्पीकर से अलाउंस कराके सभी व्यापारियों से अपने दुकान बंद करने की अपील की थी, कांग्रेस की इस अपील पर नगर के सभी व्यापारिक बंधुओं ने समर्थन में अपनी अपनी प्रतिष्ठान बंद रखा।

### कलेक्टर ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर मेले की तैयारी के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के शक्तिकक्ष में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 3 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो रहे क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित मेले की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने बहुत दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों से यहां श्रद्धालु एवं पदयात्री नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। उन्होंने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए बेहतर तरीके से सेवा पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था रहे। उन्होंने सेवा पंडाल संचालकों को पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेले में चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने डोंगरगढ़ में दुकानदारों द्वारा पॉलीथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए।

### शत-प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे



**राजनांदगांव 21 सितंबर।** ग्राम भोथीपार खुर्द धामनसरा में डिजिटल क्रॉप सर्वे निजी सर्वेयर गांव गांव गिदवारी अंतर्गत डिजिटल रूप में फसल का सर्वे कर रहा है डिजिटल क्राफ्ट निजी सर्वेयर द्वारा खेतों में लांगीट्यूड लैटिटयूड अपलोड किया जा रहा जिसका निरीक्षण योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव ने शत प्रतिशत करने एवं किसान नहीं छुटने बात कही भविष्य में धान बेचने परेशानी सामना न पड़े ग्राम भोथीपार खुर्द धामनसरा में सर्वे के दौरान राजस्व निरीक्षक किशोर कुमार निनावे पटवारी शंकुन्तला वर्मा सरपंच प्रतिनिधि केशव हिरवानी भोथीपार सरपंच लोकेश गंगवीर धामनसरा उपसरपंच कृत लाल पटेल कोटवार किसान मित्र सोमनाथ पटेल सहित किसान उपस्थित रहा।

### अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक मिले लाभः आरएस विश्वकर्मा

**राजनांदगांव 21 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य श्री हरिशंकर यादव, श्री बलदाऊराम साहू, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री आरएस विश्वकर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग गठन किया गया है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार यह आयोग राज्य शासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए शासन की अनुशंसा करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का कौशल विकास करते हुए रोजगार के माध्यम से जीवन स्तर उन्नयन करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। शासकीय सेवा में, त्रि-स्तरीय पंचायती एवं नगरीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी का विश्लेषण करते हुए शासन को अनुशंसा की जानी है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों में आरक्षण की व्यवस्था में ऐसा पाया गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या ज्यादा है तथा आरक्षण कम है। अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में रोस्टर तैयार किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे के लिए जिले के सभी कलेक्टर को सर्वे फार्म उपलब्ध कराया गया है। इन आंकड़ों के प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में कार्य करें। समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, दहेज प्रथा, मद्यपान को दूर करने के लिए कार्य करना है तथा समाज को जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति संवेदनशीलता के साथ उन्हें शासन की योजनाओं में तथा विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी दिलाने के लिए कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब तक 88 प्रतिशत सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। राशन कार्ड के आधार पर तथा डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। समय पर अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# शासकीय स्कूल में आयोजित हो रहे गैर शैक्षिक कार्यक्रम

## नौकरी शासकीय, तनख्वाह शासन का, शिक्षक कर रहे हैं काम अपने मन का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 21 सितंबर।** नौकरी शासकीय, तनख्वाह शासन का आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के गांवों में स्थापित सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य करायें या ना कराये मर्जी अपनी कुछ इसी सरकारी ढर्रे पर चल रहे शिक्षा व्यवस्था के आलम के बीच एक दर्जन के लगभग शिक्षक अध्यापन कार्य को छोड़कर अपने-अपने स्कूलों में फर्जी हाजिरी दर्ज करते हुए बांधाबाजार संकुल के टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होते हुए सम्मान समारोह में शामिल होने का मामला सामने आया है उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गांवो से लेकर जिला ,प्रदेश सहित पूरे देश में शिक्षकों के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुजते हुए उनका सम्मान किया गया इधर शिक्षक दिवस को समाप्त हुए 15 दिन बीत चुके हैं और यह सिलसिला अब भी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मामला बांधाबाजार संकुल स्त्रोत भाग 1 के ग्राम टोलागांव प्राथमिक शाला का है जहां 17 सितंबर को स्कूल समय में प्रधान पाठक भंजन साहु के द्वारा विकासखंड के लगभग एक दर्जन शिक्षक, तथा कई संकुल समन्वयको को शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आमंत्रित किया गया। इस गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होने स्कूल समय में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर शासकीय स्कूलों में पदस्थ शिक्षक एवं सकुल समन्वयको का जमावड़ा अपने मूल कर्तव्यों को छोड़कर वहां पहुंचा हुआ था। बताया गया कि कार्यक्रम के लिए बाकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, बीआरसी संतोष पांडे को भी आमंत्रित किया गया था परंतु अधिकारी कार्यक्रम से दूरी बनाए हुए थे। शिक्षा विभाग से मिली



जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला टोलागांव में पदस्थ प्रधान पाठक भंजन साहू के द्वारा आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए किसी भी तरह का विभाग से प्रशासनिक अनुमति नहीं लिया गया था टोलागांव के ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम पूर्णता ~ प्रधान पाठक और उसी स्कूल में पदस्थ उनकी पत्नी सहायक शिक्षिका रूपेश्वरी साहू के द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें छात्र-छात्राओं का अध्यापन छोड़ स्कूल समय में शिक्षकों का झुंड उक्त कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए एक दूसरे का सम्मान कराते रहे।

छात्र-छात्राओं को अध्यापन कराने से होगा सम्मान-मामले में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने कहा की शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को निष्ठा पूर्वक अध्यापन कराने से गुरुजनों को सम्मान मिलेगा इस तरह के गैर शैक्षणिक शासकीय स्कूल में पढ़ाई को बाधित कर कार्यक्रम आयोजित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय होनी चाहिए।प्रशासनिक अनुमति के बिना कार्यक्रम-शिक्षक दिवस को संपन्न हुए 15 दिन बीत गए हैं उच्च अधिकारियों के अनुमति के बिना शाला समय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर शिक्षक एवं कई संकुल समन्वयक उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूलों में उपस्थित, कार्यक्रम में शिक्षक-बताया गया कि शिक्षक दंपति द्वारा 17 सितंबर को टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित शिक्षक समारोह में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर से अधिक शिक्षक कई संकुल समन्वय कार्यक्रम के हिस्सा थे जिनके द्वारा अपने-अपने स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कर शाला समय में वे लोग टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में मौजूद थे।

> पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है कि यह कार्यक्रम किसने और क्यों आयोजित किया था।
>
> **फत्तेराम कोसरिया,प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी,मोहला**

## पिछड़ा वर्ग सर्वे की जांच करने आयुक्त पहुंचे वार्डों में

**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** शासन के निर्देशानुसार नगर निगम सीमाक्षेत्र में ओबीसी सर्वे कार्य किया जा रहा है। समय सीमा में सर्वे पूर्ण करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता समय समय पर समीक्षा कर रहे है, साथ ही स्वयं वार्ड में जाकर सर्वे कार्य की जॉच कर रहे है। आज प्रातः उनके द्वारा शहर के गौरी नगर, स्टेशनपारा एवं तुलसीपुर, ममता नगर क्षेत्र में सर्वे कार्य का निरीक्षण कर कर्मचारियों से प्रगति की जानकारी लिये एवं स्वयं घर से जानकारी लेकर राशन देख सर्वे फार्म भरे। नगर निगम राजनांदगांव सीमाक्षेत्र में लगभग 26 हजार अन्य पिछडा वर्ग परिवार निवासरत है, जिनमें 50 से अधिक प्रकार के पिछडा वर्ग की जाती पायी जाती है, जिसका सर्वे कार्य शासन निर्देशानुसार कराया जा रहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने आज कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी,जिला समन्यवक श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू के साथ गौरीनगर, स्टेशन पारा, तुलसीपुर, ममता नगर क्षेत्र में चल रहे पिछडा वर्ग सर्वे कार्य का निरीक्षण कर कर्मचारियों से जानकारी लेकर उन्हें बताया कि परिवार से सदस्यों की जानकारी लेवे उसका राशन कार्ड से मिलान करे, यदि किसी सदस्य की मृत्यु हो चुकी है या किसी का विवाहर हो चुका है उसका नाम दर्ज न करे वही छोटे बच्चे जिनका नाम दर्ज नही है उनका नाम दर्ज करें, राशन कार्ड नं. के साथ साथ मुखिया का मोबाईल नम्बर दर्ज करे। उन्होंने तुलसीपुर में खुद परिवार से जानकारी लेकर फार्म भरे और कर्मचारियों से कहा कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।



# मनमोहन झांकियों को हनुमान भक्तों ने किया पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 सितंबर।** माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में श्री हनुमान चौक में गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमे धर्मनगरी की 14 विसर्जन झांकीयो ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतिया दी सभी ने नगर के मान व गौरव बढने के लिये उम्दा सराहनीय प्रयास किया व सभी युवाओ के उत्साह के परिणाम स्वरूप भव्य दिव्य झांकी का दर्शन लाभ जनमानस को मिला समिति द्वारा श्री हनुमान चौक पर सभी झांकियों का भव्य स्वागत किया गया। इस वर्ष झांकियो की उपस्थिति अच्छी संख्या में रही व सभी झांकी अच्छे साज सज्जा व लाइटिंग सुंदर मूर्तिया ,संवाद अच्छे होने के कारण चयन समिति को निर्णय लेने में विचार करना पड़ा जिसमे प्रथम पुरुस्कार - वीर क्लब शुक्रवारी मजार पारा (झांकी प्रसंग कल्कि अवतार) 11,000? व कप (स्व. सूरज नरेडी की स्मृति में श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) द्वितीय पुरस्कार- स्टार क्लब बुधवारी पारा (प्रसंग विष्णु जी मत्स्य अवतार) 7,100? व कप (स्व.शुभम चौहान की स्मृति में श्री हनुमान भक्त युवा समिति



द्वारा) तृतीय पुरस्कार- श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालका पारा (प्रसंग मां की ममता)5,100? व कप (श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) विशेष पुरुस्कार- विनर क्लब भगत सिंह चौक (प्रसंग दुर्गमा सुर वध) 3100 ? नगद (श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) अन्य सभी झांकियो को सांत्वना पुरुस्कार 2100-2100 रु नगद श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा दिया गया।

मां बमलेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ का हर सामाजिक धार्मिक आयोजन में अपने वीडियो के माध्यम से फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब,वाट्स एप के माध्यम से मान बढ़ाने वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को श्री हनुमान भक्त युवा समिति की ओर से स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया जिसमे आदित्य मिश्रा,स्ब्ष्ठ तौसीफ,प्रभराज सिंह,चित्रांश श्रीवास्तव,निखिल साहू,गगन महोबिया,लकी जैन,आयुष टेम्बुरकर,टुंमन लाल साहू,तुलसी यादव,लोकेश सिन्हा,सचिन यादव,अनुज शर्मा,मिहिर देवांगन व प्रिंस यादव को मंच के माध्यम से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच स्थिति के रूप में रामजी भारती,महेंद्र वैष्णव, विनोद खांडेकर,अमित जैन,विनीत यादव,श्याम तिवारी शिव निषाद,संजीव गोमस्ता,संजू वशिष्ठ,राव,राजू ठाकुर,सीटू भाटिया,सत्यप्रकाश मिश्रा,दिलीप बिंदल,मनोज गुप्ता,गणेश नरेडी,भरत ठाकुर शेख अब्दुल्ला, तीर्थ ठाकुर,थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा,उमेश बघेल,सब इंस्पेक्टर शंकर गोस्वामी व अन्य सभी उपस्थित रहे साथ ही सभी गणेश उत्सव समितियों को सफल आयोजन की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं फि व पुरुस्कार वितरण में हमारे अतिथि लाला तापड़िया,जसबीर बन्नोआना,सुभाष रवि अग्रवाल,गिरिराज तापड़िया,मो. जसु असरफी,दीपक भाटिया,भगवानदीन साहू,मोहन तराने,बंटू तापड़िया,संजू चौरसिया,समीर गुप्ता,हनी गुप्ता,नीरज चौरड़ियाहिमाशु गुप्ता कमल किशोर शर्मा,अविनाश पोद्दार,योगेश कंडरा,कोमल मालेकर, राजन सिंह,शैलेश मालेकर,वरुण अग्रवाल,त्रिलोक मालेकर समिति सदस्य वव्यापारी उपस्थिति रहे। साथ ही इस पुरे आयोजन को व्यवस्थित व शांति पुर्ण रुप से सफल बनाने मे शासन प्रशासन का अहम योगदान रहा पुलिस-प्रशासन व नगर पालिका की पूरी टीम का श्री हनुमान भक्त युवा समिति ह्रदय से आभार व्यक्त करती है।

# कम्प्यूटर विभाग में परिषद गठन संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 सितंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के कम्प्यूटर विभाग में दिनांक 19 सितम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मागदर्शन में सत्र 2024-25 हेतु परिषद गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति ई. व्ही. रेवती एवं विषिश्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग से सहा.प्राध्या. बेदप्रकाश साहू एवं कंप्यूटर विभाग के शिक्षक मनीष भास्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। पश्चात मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। परिषद में पीजीडीसीए विभाग के 9 छात्र-छात्राओं को परिषद के पदाधिकारियों के रूप में मनोनीत किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में डुमेष्वर सिन्हा, उपाध्यक्ष श्वेतराज, सचिव नंदनी रजक, सहसचिव वर्षा पटेल, कोषाध्यक्ष रितु पटेल एवं झगेंद्र, मीडिया प्रभारी टाकेश्वर साहू, भोजराम चंद्रवंशी और भूपेंद्र कंवर को मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को प्राचार्य के द्वारा परिषद का पद बैच लगाकर और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि परिषद गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभाग के कार्यों के प्रति सहभागिता को बढ़ाना है ताकि वे सभी कार्यों के प्रति जिम्मेदार हो सके । विभाग के विद्यार्थी ही महाविद्यालय में अपने विभाग का प्रतिनिधित्व करते है । सहा प्राध्या. बेदप्रकाष साहू ने एक महत्वपूर्ण वाक्य कहते हुए कहा कि ज्ञान कभी भी कम नहीं होता वो दिन और स्थान के अनुसार हमेशा बढ़ता ही रहता है । कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में विगत वर्ष कंप्यूटर विभाग के उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पीजीडीसीए, डीसीए एवं बी.एस.सी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और सभी ने मिलकर पौधारोपण किया।



# दंतेवाड़ा से किडनैप बच्चा सड़क किनारे लावारिस हालत में मिला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 21 सितंबर।** नगरी से धमतरी मार्ग के बीच थाना केरेगांव से 500 मीटर की दूरी में लावारिस हालत में एक नवजात शिशु सड़क किनारे मिला है, बच्चे के हाथ में लिखा है कि यह बच्चा दंतेवाड़ा का है। राहगीरों ने सुरक्षा के लिहाज से बच्चे को उठा कर धमतरी पुलिस के केरेगांव थाने को सौंप दिया गया है,पुलिस ने आस-पास के थानों में भी संपर्क करने के साथ ही दंतेवाड़ा पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा से 6 महीने के बच्चे का अपहरण हो गया था अब 20 दिन बाद बच्चा में मिला है। बता दें कि बाइक सवार दो युवकों ने 1 सितंबर की शाम पोंदुम गांव पहुंचे थे। दोनों हेलमेट पहने हुए थे। यहां बाजार पारा में स्थित सड़क के किनारे ग्रामीण हिड़मू के घर के पास रुके,उसके घर के बाहर झूले में 6 महीने का बच्चा राजकुमार सोया हुआ था। दोनों युवक ने वहां रुके और बच्चे के पिता हिड़मू से देसी शराब कहां मिलती है पूछा। जब पिता ने कहा कि आगे वाले मोहल्ले में मिलेगा तब युवकों ने उन्हें 100 रुपए देकर शराब लाने भेजा। वहीं हिड़मू शराब लेने गया। कुछ दूर जाने के बाद एक युवक ने बाइक स्टार्ट की, दूसरे ने झूले से बच्चे को उठा लिया,जिसके बाद उसे लेकर फरार हो गए, पिता चिल्लाते रहे, लेकिन दोनों नहीं रुके जिसके बाद गांव के ग्रामीण एक जगह जमा हुए,इस मामले की जानकारी देर रात पुलिस को दी गई थी।

## समाचार संक्षेप

### युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की शिकायत पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पर मामला दर्ज

**डोंगरगढ़ 21 सितंबर।** युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की शिकायत पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह के उपर मामला पंजीबुद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि युवक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप गहरवार के द्वारा 19 सितम्बर 2024 को देर शाम थाने पहुँचकर लिखित शिकायत किया कि शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह के द्वारा मारपीट कर जान से मारने व झूठे मामले में धमकी दी है। श्री गहरवार की शिकायत पर आरोपी शहर कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 503/24 धारा 115- ब्‍हस, 296 ब्‍हस, 351(2) ब्‍हस के तहत मामला पंजीबुद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की गई है। ज्ञात हो कि 18 सितम्बर 2024 की रात झांकी विसर्जन के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा गोलबाजार फव्वारा चौक के समीप पुरुस्कार वितरण के लिए निर्णायक मंडली एवं नेताओं व कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए पंडाल लगाया गया था। झांकी से संबंधित बैनर पोस्टर मंच पर लगाए गए थे इस दौरान डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता मंच पर उपस्थित थे इसी बीच युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीपसिंह गहरवार अपने साथी अरशद खान व शुभम यादव के साथ कांग्रेस के मंच में पहुंचकर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष विजयराज सिंह के साथ धक्कामुक्की करते हुए गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिससे कांग्रेस के मंच में भगदड़ सा मच गया। आरोपियों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा था कि मंच के ऊपर लगाए गए बैनर पोस्टर में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का फोटो क्यों नही लगा है। जिसके कारण घंटो तक गोल बाजार में अफरा- तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। घटना के बाद प्रार्थी शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिंह के द्वारा इस घटना की लिखित शिकायत थाने में की गई और प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 499/24, 115 बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5), 351(2) के तहत मामला पंजीबुद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई थी। इसके बाद इसकी भनक लगते ही युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के द्वारा शहर कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध देर शाम अपराध दर्ज कराया गया है जिसके बाद से कांग्रेस की पोल खुलकर सड़क पे आ गई है।



### सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत कार्यालय में रक्तदान शिविर



**छुरिया 21 सितंबर।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत छुरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 19.09.2024 को किया गया। इस कार्यालय में अनेक ग्रामों से जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता, शासकीय कर्मचारियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आमजनों के द्वारा बढ-चढ़ कर रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर जनपद पंचायत छुरिया के जनप्रतिनिधि के द्वारा भी रक्तदान किया गया। प्रधानमंत्री महोदय जी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से प्रभावित लोगों में रक्तदान के प्रति काफी जागरूकता दिखाई दी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामजी भारती भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेंश पटेल, अध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव, विशेष अतिथि गीता साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत, श्री एम.डी.ठाकुर वरिष्ठ नेता, रविन्द्र वैष्णव, जिला भाजपा महामंत्री, मूलचंद लोधी जी, जिला संयोजक, महेन्द्र वैष्णव, हिरेंद साहू, श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री एकांत चंद्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती सीमा सिन्हा अध्यक्ष नगर पंचायत, जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी साहू, भुपेन्द नायक, देवारू मालेकर, बोधन साहू मंडल अध्यक्ष कुमर्दा, रोमी भाटिया, चित्रांगन साहू, रघुवीर वाधवा, अनिरूद्ध चंद्राकर, आलोक मिश्रा, खेमचंद साहू नागेश यदु, कांतीलाल साहू हिरेन्द्र साहू राधेश्याम शर्मा की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामजी भारती ने कहा कि मोदी जी के सेवा भावना से हम सब भारतवासी ओतप्रोत है। मोदी के विकसित भारत के संकल्पों के लेकर हम सब सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक हम सभी कार्यकर्ता सेवा भाव से रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम, विद्यालयों की साफ सफाई, साथ-साथ आमलोगों में जागरूकता लाने मोदी जी के मिशन में आगे बढ़ रहे है। साथ ही गीता साहू एवं मूलचंद लोधी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने दी, आभार व्यक्त जनपद सी.ई.ओं शिल्पा देवांगन ने किया। उपरोक्त शिविर में रक्तदान करने वाले प्रमुख रूप से रविन्द्र वैष्णव, एकांत चंद्राकर, हिरेन्द्र साहू, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, मनीष त्रिपाठी, बोधन साहू, मनोज साहू, हिरेन्द साहू, भगवानदास साहू, गायत्री चंद्रवंशी, सहित 59 लोगों के द्वारा रक्त किया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विविध आयोजन

# स्कूली बच्चों ने हाथ धुलाई व स्वच्छता अपनाने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर में साफ सफाई के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसके तहत आज निगम सीमाक्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने जानकारी देकर, उनके लिये विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें उन्होंने बढ चढ कर हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़ा में शासन द्वारा निर्धारित गतिविधिया संचालित करने के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

आज ठा.प्यारेलाल स्कूल एवं आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के अलावा अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये स्वच्छता संबंधित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें निबंध, चित्रकला, रंगोली, वेस्ट टू आर्ट प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ चढ कर हिस्सा लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किये। विद्यार्थियों को साबुन से हाथ धुलाई , गिला व सूखा कचरा की पहचान करने, बताया गया, विद्यार्थियों ने जहॉ एक ओर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने रंगोली एवं चित्रकारी के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया, वही स्कूल की वेस्ट समाग्री से आर्ट बनाया।



निगम के उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री सुषमा साहू, सुश्री आयुषी सिंह, श्री डागेश्वर कर्ष, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री संजीव मिश्रा, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, जिला समन्वयक श्री कीर्तन साहू व देवेश साहू ने स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित करने महती भूमिका निभाई। शाला के प्राचार्यो ने स्वच्छता अपनाने, घर के आस पास साफ सफाई रखने, गिला व सुखा कचरा पृथक पृथक करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने विद्यार्थियों को शपथ दिलायी। आज के इस स्वच्छता अभियान के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अपने स्कूलों में वृक्षारोपण भी किया। स्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता जागरूकता संबंधी दिवाल लेखन भी किया जा रहा है।

संपादकीय

# चुनाव सुधार देश की जरूरत है

देश के राजनीतिक दलों को हर मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए, सरकार की हर बात,हर फैसले का विरोध इसलिए तो करना ही नहीं चाहिए कि यह फैसला सरकार ने किया है, इसलिए यह गलत है, इसका विरोध तो हम करेंगे ही। विपक्ष के राजनीतिक दलों को विरोध करने से पहले कम से कम यह तो देखना ही चाहिए कि मुद्दा देश हित में है या राजनीतिक फायदे के लिए है, मुद्दा अगर राजनीतिक फायदे को है तो विपक्ष के राजनीतिक दलों को बेशक उसका विरोध करना चाहिए लेकिन यदि सरकार कोई काम व्यवस्था में सुधार के लिए कर रही है तो विपक्ष दलों को उसमें सहयोग करना चाहिए, व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए उनको सुझाव देना चाहिए। उन्हें यह तो सोचना ही नहीं चाहिए कि इस सुधार के काम का श्रेय को सरकार को मिलेगा। विपक्षी दल चाहें तो सुधार के काम में सहयोग कर वह भी श्रेय के भागीदार बन सकते हैं। सरकार के हर काम का विरोध करने से विपक्षी दलों की विश्वसनीयता कम होती है। जनता उस पर भरोसा कम करती है कि यह खुद तो अपने शासन में सुधार का कोई काम करते नहीं और कोई अपने समय में करना चाहता है तो वह उसे करने भी नहीं देते है।कांग्रेस देश के राजनीतिक दलों में सबसे ज्यादा समय तक सत्ता में रहने वाला दल है, भाजपा ने अपने दस साल के शासन में जो जो काम किए है,वह सब काम कांग्रेस खुद भी कर सकती थी लेकिन पचास साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कई जरूरी काम इसलिए नहीं कर सकी कि वह मानती थी यह काम असंभव है, इसे किया नहीं जा सकता यदि किया जाएगा तो इससे उसको किसी राज्य या देश में राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस अपने नफे-नुकसान से कभी ऊपर नहीं उठ सकी इसलिए जो काम वह कर सकती थी वह काम उसने नहीं किया। क्या धारा-370 कांग्रेस हटा नहीं सकती थी लेकिन उसने हटाया नही कि कश्मीर में उसे नुकसान होगा। उसके लिए देश की एकता अखंडता से ज्यादा अपना राजनीतिक नफा नुकसान ज्यादा अहम था। कांग्रेस राम मंदिर बनाने में भाजपा की तरह सहयोग कर सकती थी लेकिन एक वर्ग की नाराजगी के कारण उसने बड़े वर्ग की हमेशा उपेक्षा की और उसका खामियाजा उसे पिछले दस साल से भुगतना पड़ रहा है। इसी तरह नोटबंदी, जीएसटी, मिशन चंद्रयान,तीन तलाक समाप्त करने का काम, कश्मीर से आतंकवाद व अलगाववाद का सफाया। पाकिस्तान के खिलाफ एक गोली न चलाकर उसे कमजोर व नाकारा बना देना यह सब ऐसे काम हैं जो पहले भी देश की सरकारे कर सकती हैं लेकिन किसी ने करना जरूरी नहीं समझा। अब भाजपा यह सब काम कर रही जो देश हित में है तो कम से कम विपक्षी दलों को भाजपा का सहयोग करना चाहिए। भाजपा ने चुनाव की व्यवस्था सुधारने के लिए हाल में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों को मंजूरी दी है। ताकि एक नेशन-एक इलेक्शन देश मे हो सके। ऐसा नहीं है कि चुनाव की यह व्यवस्था देश में पहले नहीं थी, देश के शुरु के चार चुनाव में लोकसभा व राज्यों के विधानसभा के चुनाव एक साथ ही कराए जाते थे। बाद में नए राज्य बनने व कई राज्यों की सरकार बीच मे भंग कर दिए जाने के कारण चुनाव अलग अलग होने लगे। विधि आयोग ने इसको जरूरी बताया लेकिन किसी सरकार ने इसे जरूरी नहीं समझा आज स्थिति यह है कि यह एक दो साल में किसी न किसी राज्य में कोई न कोई चुनाव होता रहता है। देश व राज्य की मशीनरी लगने से आचार संहिता लगने से विकास कार्य प्रभावित होता, बार बार चुनाव कराना पड़ता है, इसमें बहुत पैसा खर्च होता है, चुनाव में कालाधन का उपयोग बढ़ता है।जो हार जाता है वह आरोप लगाता है कि चुनाव ही निष्पक्ष नही हुए। देश की चुनाव व्यवस्था को सुधारना वक्त का तकाजा है,अगर मोदी सरकार ऐसा कर रही है तो इसका सभी दलों को स्वागत करना चाहिए तो विपक्ष के दल इसका विरोध कर रहे है, इससे वह जनता की नजर में सुधार विरोधी बन रहे है। इससे उनको ही राजनीतिक रूप से नुकसान होगा।

मुद्दा

# शरीर को छेदने वाली आरक्षण की फांस

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा



आरक्षण को लेकर एक नई जंग सुप्रीम कोर्ट की सलाह के बाद शुरू हो चुकी है । सन 1950 से शुरू आरक्षण प्रक्रिया यूं तो 10 वर्ष बाद समाप्त हो जानी थी , किंतु स्वतंत्र भारत में राज करने वाली सियासती पार्टियों ने आरक्षण को अपनी कुर्सी का मजबूत स्तंभ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी ! अब 74 वर्ष बाद भी आरक्षण समाप्त करने की हिम्मत किसी भी दल में दिखाई नहीं पड़ रही है ! आज से 74 वर्ष पूर्व जब आरक्षण की प्रक्रिया लागू की गई तब इसे सामानता और दलित वर्गों के उद्धार से जोड़कर देखा गया । उस वक्त के लोगों की सोच को समाजवादी विचारधारा कहा जाना भी गलत नहीं होना चाहिए । निम्न तबके को मजबूती देने के लिए किए गए प्रावधानों पर अब पुनः विचार की जरूरत प्रत्येक दल को ठीक उसी तरह महसूस करनी चाहिए जिस तरह स्वतंत्रता के बाद उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाने देश के कर्णधारों ने की थी । क्या आज का हिंदुस्तान उस स्थिति को नहीं देख पा रहा है , जिसमें निम्न तबका तो उबर चुका है या अपने दुर्दिनों पर विजय पा चुका है ? आज से सात दशक पूर्व हम जिन्हे आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर नहीं मान रहे थे , क्या वे आज उसी स्थिति में हैं ? कहीं हम समाजवादी विचारधारा की परिभाषा से भटक तो नहीं गए हैं ? समय - काल - परिस्थिति के अनुसार यदि देश की सरकारें जनता के हित का ध्यान न रख सकें , तो उन्हें राजा कहलाने का हक नहीं होना चाहिए । आरक्षण की फांस वर्तमान 21 वीं सदी में ऐसा दर्द दे रही है , जिसका इलाज दूर - दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहा है ! जब हमारे देश का सुप्रीम कोर्ट भी यह सुझाव दे रहा है कि गरीबी से उबर चुके ऐसे वर्ग को अब आरक्षण से अलग कर देना चाहिए तब देश में बवाल क्यों मच रहा है ? आरक्षण को खत्म करने की तो बात ही नहीं की गई है । बावजूद इसके , लाभ ले चुके लोग उस बैसाखी को छोड़ अन्य जरूरत मंदों को मौका क्यों नहीं देना चाहते हैं ? लंबे समय से चले आ रहे आरक्षण के संबंध में संविधान पीठ ने 6 -1 के बहुमत से फैसला दिया कि राज्यों को आरक्षण के लिए कोटा के भीतर कोटा बनाने का



अधिकार है । तात्पर्य यह कि राज्य सरकारें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सब - कैटेगरी बना सकती हैं । संविधान पीठ का ऐसा सुझाव देने के पीछे एक ही उद्देश्य छिपा नजर आता है , जो सबसे ज्यादा जरूरत मंद के लिए प्राथमिकता के दायरे में खड़ा दिखाई पड़ रहा है ।

यह भी कहा गया है कि विधान सभाएं इसे लेकर कानून बनाने में सक्षम होंगी । हमारे देश की सरकारों ने आरक्षण को ऐसी रबर की रस्सी बना दिया है , जिसे समय - समय पर खींच कर लंबा किया जा सके ! 1950 से बढ़ते - बढ़ते आरक्षण रूपी वही रस्सी 2020 तक पहुंची थी कि सरकार ने इसे पुनः खींचकर 2030 तक विस्तारित कर दिया ! हमारे संविधान के अनुसार आरक्षण की सीमा किसी भी रूप में 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए । एक नया आरक्षण ( ई डब्ल्यू एस ) अर्थात आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रावधान करते हुए 10 प्रतिशत की व्यवस्था की गई है । इस स्थिति में कुल आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत को पार कर गया है ! इससे पहले कुल आरक्षण 49. 5 प्रतिशत था । इसमें ओ बी सी 27 प्रतिशत , अनुसूचित जाति को 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जन जाति को 7.5 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा था । केंद्र और राज्य सरकारों ने फरवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि अनुसूचित जाति समुदायों के आरक्षण के भीतर आरक्षण से जरूरतमंद और सबसे कमजोर समुहों को बड़ा लाभ पहुंच सकेगा । साथ ही साथ इस वर्ग के ऐसे लोग जो सामाजिक पिछड़ेपन से ऊपर उठ चुके हैं उन्हें आरक्षण का अधिक लाभ लेने से रोका जा सकेगा । अब , जब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की मंशा के अनुसार ही अपना सुझाव सार्वजनिक किया है , तब इसे न मानने का कारण समझ से परे है । स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि सरकारें एस सी , एस टी और पिछड़ा वर्ग के विरोध के आगे इसलिए झुक रही हैं कि कहीं उनका वोट बैंक छिटककर किसी और की झोली में न चला जाए ? वर्तमान में एन डी ए की सरकार में शामिल कुछ दल सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने से परहेज कर रहे हैं !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी यह डर सता रहा है कि फैसले को स्वीकार करने से कहीं सरकार न गिर पड़े । यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह कहने से नहीं चूक रहे हैं कि क्रिमिलेयर को बाहर रखने के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को वे नहीं मानेंगे ! आरक्षण को लेकर कुछ प्रश्न मेरे मन में भी उठ रहे हैं , जिनका उत्तर न्यायपालिका को नहीं समाज को देना होगा । क्या हम संतुष्ट हैं कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए आरक्षण अपरिहार्य है ? क्या आरक्षण की वर्तमान व्यवस्थाएं पिछले सात दशक में सामाजिक न्याय की स्थापना करने में सफल हो सकी है ? क्या समाज के गरीब तबके को उसका लाभ मिल पाया है ? क्या दलितों और पिछड़ों में एक ऐसा वर्ग प्रकट हो गया है जो अपने ही वर्ग के गरीबों को आगे नहीं आने देना चाहता है ? भले ही सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़ों में क्रिमिलेयर का प्रावधान किया है , किंतु पिछड़ों में अति पिछड़े व गरीब तो अभी भी वहीं खड़े दिखाई पड़ रहे हैं ! पिछले सात दशकों में सामाजिक स्तर पर बहुत कुछ बदल चुका है । दलित और पिछड़ा वर्ग के असंख्य सदस्य उच्च पदों पर आसीन होकर आर्थिक संपन्नता सहित समाज में प्रतिष्ठा पा रहे हैं । वहीं दूसरी ओर गरीब वर्ग भी है , जिसमे सामान्य , पिछड़ा , दलित और मुस्लिम सभी तबके के लोग शामिल हैं । जहां तक मैं समझता हूं अब जाति से अधिक आर्थिक पहलू महत्वपूर्ण हो गया है , तब जरूरत इस बात की है कि सामाजिक - शैक्षणिक पिछड़ेपन को आर्थिक स्थिति से जोड़ा जाए । वर्तमान की स्थिति को देखते हुए समाज , राजनैतिक दलों और संसद को आगे आकर सामाजिक , शैक्षणिक पिछड़ेपन को केवल जाति के आधार पर नहीं वरन आर्थिक आधार पर भी परिभाषित करना चाहिए । जब तक आरक्षण का उचित प्रारूप सभी वर्गों को साथ लेकर नहीं लाया जाएगा तब तक सामान्य और आरक्षण के दायरे में न आने वाला समुदाय आरक्षण की फांस से नहीं निकल पाएगा । आज स्थिति बद से बदतर हो चली है । उच्च शिक्षित युवा - युवतियां इसी आरक्षण के भार तले दबकर खुद की सांसे घुटने जैसा अनुभव कर रहे हैं । इस घुटन से देश के लोगों को राहत दिलाने संसद और विधानसभाओं में सभी के लिए समान कानून लाकर राजनीति से परे सामाजिक उद्धार का रास्ता अख्तियार करना ही आज की जरूरत है ।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप कुछ नए मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को पुरस्कार मिलने की संभावना है। आपके परिवार में चल रहा लड़ाई झगड़ा बढ़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। नौकरी में आपको कामों को करने में कुछ कठिनाइयां होगी। विद्यार्थी किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और आप कार्यक्षेत्र में अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़े। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आप अपने भविष्य को ध्यान में रखकर ही व्यय करें, जो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने खर्चों को लेकर सावधान रहना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो उसमें काफी हद तक राहत मिलेगी। व्यापार में आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी कोई प्रिय व मूल्यवान वस्तु यदि खो गई थी, उसके भी मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको पार्टनरशिप में काम करने में सोच विचार कर करना होगा, क्योंकि आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। व्यापार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जो विद्यार्थी विदेश से शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़ने का मौका मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में अच्छा लाभ लेकर आने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या चल रही थी, तो वह दूर होगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की यदि एक दूसरे से नाराजगी चल रही थी, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप अपने निवेश के लिए कोई प्लानिंग कर सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए साहस व पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी के शारीरिक कष्ट को लेकर आप परेशान रहेंगे। आप भाग दौड़ में अधिक लगे रहेंगे। आपको किसी बेवजह के विवाद में पढ़ने से बचना होगा। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए सिर दर्द बनेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। माता-पिता की सेहत का आपको ध्यान रखना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके मित्रों के सहयोग से आपका बिजनेस में डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य को आज काम के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपकी सोच समझ से काफी काम पूरे होंगे। परिवार में किसी पूजा पाठ का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी सहयोगी की बात पर ज्यादा रिएक्ट नहीं करना है। आपको अपने भविष्य को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मध्यम रुप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से काफी कामों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने अधिकारियों की बातों को ध्यान से सुनने की आवश्यकता है। आपका कोई विवाद यदि लंबे समय से चल रहा था, तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा। आपकी किसी नए काम को करने के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपको अपनी सेहत मे लापरवाही करने से बचना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। खान-पान पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। परिवार में कोई सदस्य आपसे करियर को लेकर कोई सलाह मश्वरा ले सकते है। आप अपने घर के रिनोवेशन को लेकर परिवार के सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में ढील देने से बचना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई प्रिय व मूल्यवान वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। आपको कामों को लेकर यदि समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं। कुछ नए कामों के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से अच्छा नाम कमाएंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी के साथ आप कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपको किसी परिजन की ओर से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। धार्मिक कार्यों में आप बढ़ चढकर हिस्सा लेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा, उनके कामों से लोग प्रसन्न रहेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता देखकर आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आप अपने कामों से लोगों को हैरान करेंगे। आपको निर्णय लेने की क्षमता का आपको लाभ मिलेगा। पारिवारिक समस्याएं को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी काफी हद तक दूर होंगी।

कानून

# पीले पंजे का कमाल,माफियाओं को किया बेहाल

मनोज कुमार अग्रवाल

जो कानून और अदालतें नहीं कर सकीं कानून का राज पीले पंजे ने स्थापित किया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। हालांकि इस ऑर्डर में सड़क, रेलवे लाइन जैसी सार्वजनिक जगहों के अवैध अतिक्रमण शामिल नहीं हैं। अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को है।केंद्र सरकार ने कोर्ट के इस ऑर्डर पर सवाल उठाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते। इस पर जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी, तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप इसे रोक दीजिए, 15 दिन में क्या होगा?

यहां आपको बता दें कि बुलडोजर ने अपराधियों के दिल दिमाग में पहली बार कानून व्यवस्था का वह खौफ कायम किया जिसे अदालत और कड़े कानून कायम करने में नाकाम हो रहे थे। दरअसल, बुलडोजर एक्शन के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें यूपी के मुरादाबाद, बरेली और प्रयागराज में हुए बुलडोजर एक्शन का भी जिक्र किया गया था।कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक देश में कहीं भी मनमाने ढंग से बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होगी। हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश है। शीर्ष अदालत इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करेगा। देश के सभी राज्यों को इन निदेर्शों का पालन करना होगा। शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई के महिमा मंडन पर भी सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने कहा यह रुकना चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि हर दिन तोड़फोड़ हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि 2022 में नोटिस दिया गया और उसके बाद कार्रवाई की गई। इस बीच अपराध भी हुए हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि जब 2022 में नोटिस जारी किए गए तो 2024 में जल्दबाजी क्यों? सभी राज्य सरकार को सूचित किया जाए। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि हमारे निर्देश होंगे। इन्हें गाइडलाइन कहा जा रहा है। अगली तारीख तक कोर्ट की अनुमति के बिना तोड़फोड़ पर रोक लगाई जाए। जस्टिस जे गवई ने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम अनधिकृत निर्माण के बीच में नहीं आएंगे, लेकिन कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं हो सकती।सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश पारित किया। मगर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आदेश पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि वैधानिक अधिकारियों के हाथ इस तरह से नहीं बांधे जा सकते। इस पर पीठ ने कहा कि अगर दो सप्ताह तक तोड़फोड़ रोक दी जाए तो आसमान नहीं गिर जाएगा। आपको बता दें कि कई लोगों को इस बात से परेशानी हो रही है कि विशेषकर भाजपा के शासन वाले राज्यों में दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है और उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। भारत में धर्म, जाति आदि के नाम पर दंगाइयों के समर्थन में खड़े होने वालों की कमी नहीं है। जब यहां दर्जनों लोगों के हत्यारे आतंकी के लिए रात को तीन बजे सुप्रीम कोर्ट खुलवाई जा सकती है तो दंगाइयों के पैरोकारों की भला कहां कमी होगी। ऐसे ही कुछ लोगों को विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में दंगाइयों, अपराधियों, पत्थरबाजों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने से पीड़ा हो रही है। शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं कि इस बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाई जाए। केंद्र सरकार ने अदालत को साफ शब्दों में बताया भी कि धर्म विशेष या अपराधियों की संपत्तियों के ध्वस्त करने का 'विमर्श' गढ़ा जा रहा है। याचिका दायर करने वाले एक भी ऐसा मामला पेश नहीं कर पाए जहां कानून का पालन किए बिना बुलडोजर चलाया गया हो। केंद्र ने यह भी याद दिलाया कि जिन लोगों के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला है, उनमें से तो कोई अदालत में याचिका लगाने आया ही नहीं, क्योंकि उनके निर्माण वास्तव में अवैध थे और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई उचित थी डिमोलिशन की कार्रवाई जहां हुई है, वो कानूनी प्रकिया का पालन करके हुई है. एक समुदाय विशेष को टारगेट करने का आरोप गलत है. एक तरह से गलत नैरेटिव फैलाया जा रहा है। दरअसल की प्रदेशों में ध्वस्त कानून व्यवस्था को का यम करने में बुलडोजर एक्शन ने अहम भूमिका निभाई। यूपी की योगी सरकार ने उपलब्ध कानून का सहारा लेकर माफिया और अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर का जो एक्शन शुरू किया। जुलाई 2020 की रात को उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में सबसे बड़ा हमला हुआ था. उस दिन रात को कानपुर के बिकरू गांव में गैंगस्टर विकास दुबे ने साथियों के साथ मिलकर 8 पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था.इस के बाद बुलडोजर एक्शन में विकास दुबे के साम्राज्य को रेत खेत कर दिया गया। वहीं माफिया डॉन अतीक अहमद के कब्जे से करीब 752 करोड़ 27 लाख की संपत्ति पर बुलडोजर चला कर मुक्त कराया गया. अब तक 416 करोड़ 92 लाख की संपत्ति जब्त तक की गई. वहीं, माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की 314 करोड़ 23 लाख की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट में जब्त की गई है. अब तक 285 करोड़ 70 लाख की अवैध कब्जे वाली संपत्ति को बुलडोजर चलाकर मुक्त कराया गया है। संगठित अपराध को खत्म करने के लिए माफिया की अवैध कमाई से बनाई संपत्ति 14ए के तहत जब्त की जा रही है। सभी जनपदों में अरबों की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।दंगाइयों और माफियाओं पन नियंत्रण के लिए बुलडोजर एक्शन सबसे कारगर और सटीक साबित हुआ योगी के बुलडोजर एक्शन की सफलता को देखते हुए मध्यप्रदेश गुजरात हरियाणा आदि राज्यों की सरकारों ने भी इस को अपनाया।

हालांकि माननीय सुप्रीम कोर्ट एक अक्टूबर को बुलडोजर एक्शन पर आगे की सुनवाई करेगा लेकिन यहां यह भी गौर तलब है कि यदि देश भर में अदालतें समय बद्ध तरीके से न्याय कर रहीं होती तो बुलडोजर जस्टिस अस्तित्व में ही नहीं आता।बुलडोजर एक्शन या एनकाउंटर तभी सक्रिय होते है जब एक एक अपराधी के हिस्ट्रीशीटर होने और अपराध दर अपराध करने के बावजूद अदालत ऐसे दुर्दांत अपराधियों को भी दंडित करने में असफल रहती हैं और अपराधी बेल लेकर बार बार अपराध करता है ।तब अदालत के लेट लतीफ न्याय से आजिज आ चुके लोगों द्वारा पुलिस मुठभेड़ में अपराधी के मारे जाने पर खुशी व्यक्त की जाती है।

सवाल उठता है कि देश में कानून है कानून मंत्री है सुप्रीम कोर्ट वाले न्याय के देवता भी हैं सीबीआई है तमाम जांच एजेंसी हैं फिर भी देश के सबसे चर्चित निठारी कांड की डेढ़ दर्जन गरीब बच्चियों के हत्यारों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया जाता है। क्या न्याय के देवता बताएंगे कि यदि कोहली और पंढेर इंवाल्व नहीं थे तो ये हत्याएं किसने की? क्या अदालत ने इतनी नृशंसता पूर्ण हत्याओं के लिए दोबारा जांच या साक्ष्य जुटाने के लिए कुछ निर्देश दिया? मजलूमो ने दिहाड़ी छोड़ कर सत्रह साल अदालत के चक्कर काटे न्याय नहीं ठेंगा मिला? ऐसे कानून और अदालतो पर आम आदमी कैसे भरोसा करेगा? आज हमारी अदालते भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी है ये कानून की मोटी किताब थ्योरीकल ज्ञान देतीं है प्रेक्टिकल कुछ अलग होता है वहाँ दलीलों और रूलिंग्स को गांधीजी छपे कागज बेकार कर देते हैं। कहना न होगा कि अदालत जितना भ्रष्टाचार दूसरे किसी महकमे में नहीं है। अदालत और न्याय के देवता ही समूचे भ्रष्ट तंत्र के सरपरस्त बन गए हैअदालत से न्याय पाना आसमान से तारे तोड़ कर लाने जितना कठिन है।

भूख

# हर निवाले की बचत जरुरी....

अतुल मलिकराम

भोजन का सही सम्मान उसकी बबार्दी न करके और उसे प्रेम से ग्रहण करके किया जाता है। भूख हमारे देश की एक बड़ी समस्या है, जिससे आजादी के 78 सालों बाद भी हम पूरी तरह निजात नहीं पा सके हैं। हमारे देश में रोज करीब 20 करोड़ लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, हर दिन लगभग 3,000 बच्चे कुपोषण और भूख के कारण मर जाते हैं, जो सालाना लगभग 10 लाख बच्चों की मौत का कारण बनता है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां हमारी रैंक 107 है, और देश की लगभग 40% आबादी कुपोषण का शिकार है। वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची और दिखावे के चलते रोजाना खाना बर्बाद हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में पैदा होने वाले अन्न का 30-40% हर साल बर्बाद हो जाता है। जबकि थोड़ी समझदारी और सूझबूझ से न जाने कितना ही खाना बर्बाद होने से बचाया जा सकता है।

हमने अक्सर देखा है कि शादी ब्याह के आयोजनों में खाने के लिए बड़ी थालियाँ रखी जाती हैं। बड़ी थाली होने से लोग अधिक खाना लेते हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक धारणा है कि जब थाली बड़ी होती है, तो हमें लगता है कि उसमें अधिक खाना होना चाहिए। और फिर वही खाना खाने में न आ पाने के कारण बर्बाद हो जाता है। इसका समाधान यह हो सकता है कि उत्सवों, होटलों, और बड़े आयोजनों में बड़ी थाली की जगह छोटी प्लेटों का उपयोग किया जाए। जब थाली छोटी होगी, तो खाना भी कम लिया जाएगा। साथ ही परोसगारी करने वालों को भी छोटे बर्तन दिए जाने चाहिए ताकि वे जरूरत से ज्यादा खाना एक बार में न परोसें। इससे भोजन की बबार्दी स्वतः ही कम हो जाएगी।

मेरी नजर में खाने की बबार्दी एक अपराध है इसलिए जिस तरह किसी अपराध पर पेनल्टी लगाई जाती है, उसी तरह भोजन की बबार्दी पर भी उचित पेनल्टी लगाई जानी चाहिए। आखिरकार, जब हम किसी अमूल्य संसाधन को बर्बाद करते हैं, तो यह भी समाज के लिए एक प्रकार का अपराध ही है। चाहे वह घर हो, होटल हो या फिर कोई बड़ा आयोजन–जहाँ भी खाने की बबार्दी हो, वहाँ सख्त नियम बनाए जाएं। यदि किसी आयोजन में खाना फेंका जाता है, तो आयोजकों पर पेनाल्टी लगाई जाए। इससे लोग अनावश्यक रूप से खाना बर्बाद करने से बचेंगे और आयोजनकर्ता भी अधिक सावधानी बरतेंगे। साथ ही, यह नियम आम लोगों को भी खाने की बबार्दी के प्रति जागरूक बनाएगा। रेस्टोरेंट्स और होटलों में कस्टमाइज्ड प्लेट का विकल्प होना चाहिए। मतलब कि ग्राहक अपनी भूख के अनुसार छोटी या बड़ी प्लेट का चयन कर सकें, जिससे वह उतना ही खाना ऑर्डर करे जितनी जरूरत है। कई देशों में यह ट्रेंड शुरू हो चुका है, और इसे भारत में भी लागू किया जाना चाहिए। इससे खाना बचाने में मदद मिलेगी, और ग्राहक भी अपने पैसे का सही उपयोग कर पाएंगे। इसके अलावा फूड बैंक एक बेहतरीन पहल हो सकती है, जिसमें शादी, उत्सव या अन्य बड़े आयोजनों में बचा हुआ



खाना इकठ्ठा करके जरूरतमंदों में बांटा जा सके। कई बार बड़े आयोजनों में बहुत सारा खाना बच जाता है, जो बाद में कचरे में फेंक दिया जाता है। लेकिन यदि हम इस बचे हुए खाने को फूड बैंकों में जमा कर दें, तो इससे हजारों जरुरतमंदों का पेट भर सकता है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन या एनजीओ से साझेदारी की जा सकती है, ताकि बचा हुआ खाना इकट्ठा किया जा सके और इसे सही तरीके से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सके। आज के आधुनिक दौर में तकनीक का सही उपयोग करने से भी भोजन की बबार्दी को रोका जा सकता है। उदाहरण के लिए, स्मार्ट फ्रिज जैसी तकनीक का उपयोग किया जा सकता है जो खाने के खराब होने से पहले आपको नोटिफिकेशन भेज दे। इससे आप अपने खाने का सही समय पर उपयोग कर पाएंगे, और उसे खराब होने से बचा सकेंगे। यह न केवल खाने की बबार्दी को रोकेगा, बल्कि आपके पैसे भी बचाएगा। खाने की बचत सिर्फ एक काम नहीं, यह एक आदत है, जिसे बचपन से ही डालना चाहिए। आजकल आपने अक्सर देखा होगा कि माता-पिता लाड़-प्यार की आड़ में बच्चों को झूठा छोड़ना सिखा रहे हैं। जब बच्चे के मन में बचपन में ही यह बैठ गया कि खाना छोड़ने में कोई बुराई नहीं है तो यह उसकी आदत बन जाएगी। इसलिए जरुरी है कि बच्चों में बचपन से ही खाना ना छोड़ने की आदत डाली जाए। खाने की बबार्दी को रोकने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि भोजन की बबार्दी को रोकना न सिर्फ हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि समाज के प्रति एक अमूल्य सेवा भी है। जब हम खाने को फेंकते हैं, तो यह केवल खाने की बबार्दी नहीं होती, बल्कि हम उन अन्नदाताओं की मेहनत का अपमान करते हैं जो इसे उगाने के लिए गर्मी, धूप, बरसात, हर मौसम का सामना करते हैं। कृषि और ऋषि प्रधान इस देश में अगर हम ही अन्न का महत्व नहीं समझेंगे तो फिर कौन समझेगा। हमारी प्राचीन संस्कृति में तो अन्न को साक्षात ईश्वर माना गया है। हमारे यहाँ भोजन के दौरान 'सहनौ भुनक्तु' कहा जाता है, इसके पीछे भावना यह है कि मेरे साथ और मेरे बाद वाला भूखा न रहे। हमारे सामने यह एक ऐसी चुनौती है, जिससे देश के प्रत्येक नागरिक, बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को लड़ना होगा और अन्न की अहमियत को समझते हुए, इसकी बबार्दी को रोकने के कदम उठाने होंगे।

## एक नजर

### जगदलपुर डाकघर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**जगदलपुर 21 सितंबर।** भारत सरकार के विदेष मंत्रालय (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय) एवं संचार मंत्रालय (भारतीय डाक विभाग) के संयुक्त तत्वाधान में जगदलपुर (बस्तर जिला मुख्यालय) में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ दिनॉक 21 सितम्बर शनिवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित कार्यालय में किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा सुलभ करवाये जाने की योजना अंतर्गत भारतीय डाक विभाग के माध्यम से बस्तर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जगदलपुर में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोला जा रहा है। डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र के खुलने से नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने एवं नवीनीकरण हेतु क्षेत्रीय पासपोर्ट सेवा केन्द्र रायपुर जाने की आवश्यकता नहीं होगी एवं पासपोर्ट संबंधी समस्त सेवायें जगदलपुर में सुलभता से उपलब्ध होंगी। डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का लोकार्पण माननीय सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेष कष्यप जी द्वारा किया जाना है। इस कार्यक्रम में माननीय विधायक चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र श्री विनायक गोयल जी, माननीय विधायक बस्तर विधानसभा क्षेत्र श्री लखेष्वर बघेल जी, माननीय महापौर जगदलपुर नगर पालिक निगम श्रीमती सफीरा साहु जी विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इनके अतिरिक्त श्री हरीष एस. कलेक्टर बस्तर जिला, श्री सुन्दरराज पट्टिलिंगम, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर, श्री शलभ कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक बस्तर, श्रीमती वीणा आर. श्रीनिवास, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर, श्री दिनेष कुमार मिस्त्री, निदेषक डाक सेवायें, श्री जे. एस. पारधी, सहायक निदेषक, डाक विभाग एवं श्री आर. पी. वर्मा, अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

### दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए आवेदन 23 सितम्बर तक

**सुकमा,21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दानवीर भामाशाह सम्मान 2024 के लिए 23 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री संजय पाण्डे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले व्यक्ति या संस्था को प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर यह सम्मान दिया जाता है। आवेदन समाज कल्याण विभाग में जमा कर सकते है। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कलेक्टोरेट स्थित समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

### प्लेसमेंट कैम्प 26 सितम्बर को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 सितम्बर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 295 रिक्त पदों पर भर्ती ली जाएगी, जिसमें सिक्योरिटी गार्ड के 150, सिक्योरिटी गार्ड महिला के 20, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 25, क्लीनिंग स्टॉफ के 50 और लाईफ मित्र के पद शामिल है। इच्छुक आवेदक सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### कलेक्ट्रेट परिसर में धारा-144 लागू

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 सितम्बर से 17 दिसम्बर 2024 तक कुल 90 दिवस की अवधि के लिए धारा-144 लागू किया है। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री क्षीरसागर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी हेतु उक्त अवधि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### अक्टूबर से नवम्बर तक जिले में रहेगी ''मेगा बस्तर ओलम्पिक'' की धूम

**दंतेवाड़ा, 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं पारम्परिक खेलो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड एवं जिला स्तरीय ''मेगा बस्तर ओलम्पिक'' का आयोजन आगामी अक्टूबर से नवम्बर तक आयोजित होने जा रहा है। आयोजन को बेहतर तरीके से आयोजित करने हेतु आज दिनांक 20 सितंबर 2024 को संचालक श्रीमती तनुजा सलाम खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ0ग0 द्वारा बस्तर संभाग के सभी खेल अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली गई। बैठक में खिलाड़ियों के पंजीयन, खेल आयोजन समिति, मैदान, वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार एवं खेल आयोजन पर विस्तृत निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि 01 अक्टूबर 2024 से 20 अक्टूबर 2024 तक खिलाड़ियों का पंजीयन समस्त जनपद पंचायत, नगर पालिका, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं कार्यालय खेल अधिकारी मे किया जावेगा। खेल आयोजन विकास खण्ड 01 से 10 नवम्बर, जिला स्तर मे आयोजन 10-22 नवम्बर एवं संभाग स्तर 25-30 नवंबर के मध्य आयोजित होगा।

### नवगुरुकुल की छात्रा निशी बाघ का एसएंडपी ग्लोबल कंपनी में डाटा एनालिस्ट के रूप में हुआ चयन

**दंतेवाड़ा, 21 सितंबर।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में संचालित नवगुरुकुल परिसर में अध्ययनरत छात्रा निशी बाघ, ने बहुराष्ट्रीय ''एसएंडपी ग्लोबल'' कंपनी में ''डाटा एनालिस्ट'' के रूप में चयन होकर नवगुरुकुल परिसर को गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो कि निशी ने 5 अगस्त 2023 को नवगुरुकुल में प्रवेश लिया था और वर्तमान में वह पाठ्यक्रम के चौथे चरण में अध्ययन कर रही है। उल्लेखनीय है कि नवगुरुकुल परिसर की शुरुआत 1 अगस्त 2023 को जिला प्रशासन और नवगुरुकुल के संयुक्त प्रयास के रूप में की गई थी। यह पहल जिले के पब्लिक पॉलिसी इन एक्शन फेलोज द्वारा प्रेरित थी। जावंगा एजुकेशन सिटी, गीदम में स्थित यह आवासीय कार्यक्रम एक साल का मुफ्त प्रोग्रामिंग कोर्स प्रदान करता है।

# जिला मुख्यालय में कांग्रेस का बंद रहा बेअसर, खुले रहे मार्केट

## खुली रही सभी दुकानें, कांग्रेसी समर्थकों की दुकानें रहीं बंद, बंद का एलाउंसमेंट नहीं होने से व्यापारियों में रही दुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 सितंबर।** कवर्धा जिले के बोडला विकासखण्ड के ग्राम लोहारीडीह में विगत दिनों हुई हिंसा, आगजनी व हत्याकाण्ड की घटना के विरोध में मुख्य विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश बंद बुलाया था। दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस पार्टी ने सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक बंद के संबंध में सोशल मीडिया में जानकारी साझा की थी मगर इसका कोई असर दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में नहीं हुआ। दंतेवाड़ा का मार्केट हमेशा की तरह आज भी खुला रहा। व्यापारी सुबह थोड़े आशंकित जरूर दिखे। मगर इसका कोई असर जिला मुख्यालय के मार्केट पर पड़ता नहीं दिखा। कुछेक कांग्रेसीजनों की दुकानें अवश्य बंद दिखाई पड़ी वहीं बाकी दुकानें पूरी तरह खुली रही। मुख्यालय में कांग्रेस का बंद पुरी तरह से बेसर रहा। जिला कांग्रेस ने भी बंद को लेकर उतनी गंभीरता नहीं





दिखाई। केवल सोशल मीडिया के भरोसे वे बंद को सफल करना चाहते जिसमें वे नाकाम रहे।

कवर्धा कांड को लेकर जहां प्रदेश के कई जिलों में आज बंद को पूर्ण समर्थन मिला है वहीं दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला की बात करें तो जिला मुख्यालय में तो आज के बंद का कोई असर दिखाई पड़ता नजर नहीं आया। हमेशा की तरह मार्केट खुला रहा। व्यवसायिक नगरी गीदम की बात करें तो यहां अवश्यक बंद का असर दिखाई पड़ा। दंतेवाड़ा के व्यापारियों का कहना था बंद को लेकर मुख्यालय में कोई प्रॉपर एलाउंसमेंट या मुनादी नहीं कराया गया जिससे अधिकांश व्यापारी बंद को लेकर आशंकित रहे। केवल सोशल मीडिया, व्हाटसअप में ही बंद की खबर देखने पढ़ने को आया था। व्यापारी बंधुओं का कहना है कि जो भी संगठन या पार्टी किसी मुददे को लेकर बंद की घोषणा करती है तो व्यापारियों का पूरा समर्थन हमेशा पार्टी या संगठनों या समाज को मिलता रहा है और आगे भी मिलेगा लेकिन उनकी शिकायत केवल इतनी है कि बंद की सूचना प्रॉपर तरीके से व्यापारियों को मिले। एलाउंसमेट अथवा रजिस्टर घुमवाकर बंद की जानकारी व्यापारियो को दिया जाए ताकि सभी को स्पष्ट रूप से बंद की जानकारी हो सके और कोई भ्रम की स्थिति निर्मित न हो।

# बस्तर कमिश्नर ने किया उचित मूल्य की दुकान, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 सितंबर ।** बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह ने सिंगारभाट के उचित मूल्य की दुकान, आतुरगांव और कुलगांव के स्कूल, आंगनबाड़ियों का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को साफ-सफाई बिजली, पानी, पंखा, शौचालयों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

बस्तर कमिश्नर ने आज दोपहर को सिंगारभाट में स्थित उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान की गुणवत्ता, राशन कार्ड, वितरण पंजी तथा रखरखाव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य की दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न सामग्री चावल, चना, नमक, शक्कर एवं गुड़ की सही गुणवत्ता पाए जाने की सराहना करते हुए पीडीएस दुकान में उपलब्ध पंजी का अवलोकन किया। साथ ही दुकान की



साफ-सफाई एवं हितग्राहियों की सुविधा के लिए पंखा लगाने तथा स्टॉक सूची बोर्ड पुराने होने पर तत्काल नया बोर्ड लगाने दुकान संचालक तथा विक्रेता को निर्देशित किया। तत्पश्चात कमिश्नर ने आतुरगांव के हाई स्कूल, प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 6वीं के बच्चों से पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन के बारे में पूछे जाने पर सभी बच्चों द्वारा समय पर भोजन मिलने और पढ़ाई के संबंध में जानकारी दी गई। कक्षा शिक्षकों की संख्या और बच्चों की संख्या, उपस्थिति तथा सभी विषयों के शिक्षक के बारे में भी जानकारी लिया। कमिश्नर द्वारा कक्षा 7वीं के बच्चों को कांकेर जिले के समीप से गुजरने वाली नदी के बारे में पूछने पर सभी बच्चों ने एक साथ दूध नदी का नाम बताया। उन्होंने कांकेर जिले के मानचित्र को देख कर आस-पास की नदियों और उनके उद्गम स्थलों की जानकारी लेने के लिए विद्यार्थियों से कहा। कक्षा 8वीं के विद्यार्थी को प्रतिदिन स्कूल में उपस्थित होकर शिक्षकों द्वारा पढ़ाई जाने वाले विषयों को घर जाकर रिविजन कर समय पर अच्छे से पढ़ाई-लिखाई करने कहा। स्कूल भवन के कक्षों में लाईट और पंखे लगाने तथा खराब स्थिति वाले पंखे और लाईटो को मरम्मत करवाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी सहायिका ने बताया कि केन्द्र में बच्चों के लिए रखे हुए पोषण आहार को वन्य प्राणी भालू द्वारा दरवाजा तोड़कर खाद्यान्न सामग्रियों को नष्ट करने की जानकारी देने पर कमिश्नर ने उपस्थित महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कलेक्टर के संज्ञान में खाद्यान्न सामग्रियों को सुरक्षित स्थान पर रखते हुए बच्चों को वितरण करने के कहा।

## समाचार संक्षेप

### चितलनार में मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का जन्मदिवस

**सुकमा 21 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के जन्मदिवस के अवसर पे बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति ने अपने सदस्यों के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र चितलनार में जन्मदिवस का कार्यक्रम किया दोनों नेताओं के कटाउट पे केशरिया पटका पहना कर हल्दी एवं अक्षत का टीका लगाने के पश्चात बाढ़ पीड़ितों के हाँथो से केक कटवाकर कार्यक्रम की शुरुवात की गई,ततपश्चात उपस्थित हजारों लोगों को भोजन करवाया गया कार्यक्रम के अंत में समस्त बाढ़ प्रभावितों को साड़ियां, पेटीकोट, लुंगी, बनिआइन एवं अन्य वस्त्र प्रदान किए गए, बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति के इस कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है कार्यक्रम में बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति सुकमा छत्तीसगढ़ की संस्थापिका अधिवक्ता दीपिका शोरी,मनोज तिवारी,गौरव राठौर,भानुसिंग भदौरिया, विनोद सिंह भदौरिया, हरि यादव,सुकुराम,गोबरधन, घेनवाराम,डॉक्टर साहब,हरदीप सिंह जिला कोशाध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम,राजू चौहान ,संजय भदौरिया एवं सैकड़ो लोग किरण सिंह देव् एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को चाहने वाले उपस्थित रहे।



### मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा हेतु आवेदन आमंत्रित

**सुकमा 21 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । डेबरूधुर महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तोंगपाल विकासखण्ड छिन्दगढ़ एक उत्पादक कंपनी है। इस विशेष परियोजना हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए क्रमशः 01-01 पद की भर्ती की जाएगी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेतु शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विषय में स्नातक अथवा एम.एस.डब्ल्यू स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए, कम्प्यूटर डिप्लोमा निर्धारित है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वी उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए डिप्लोमा अथवा आई.टी.आई, कोपा निर्धारित की गई है। उक्त पदों के लिए लिखित व मौखिक परीक्षा 07 अक्टूबर को समय समय 11:30 से 12 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 20 सितम्बर से 30 सितम्बर तक कार्यालयीक समय शाम 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से मुख्य कार्यापालन अधिकारी जनपद पंचायत छिंदगढ़ के पते पर भेजा सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विवरण सुकमा जिले के अधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते है।

### कैच द रेन अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

**सुकमा, 21 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में जल शक्ति अभियान, कैच द रेन अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। जिले में जनपद पंचायत कोन्टा अंतर्गत ग्राम पंचायत आरगट्टा में कैच द रैन अंतर्गत जल रक्षा मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पानी बचाओ एवं जल रक्षा हेतु जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। रैली में जनप्रतिनिधिगण, स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी व नागरिकगण शामिल हुए। इस दौरान स्वच्छता के संबंध में किए जा रहे प्रयास का पानी सदुपयोग करने एवं जल संरक्षण के बारे में चर्चा कर शपथ लिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कोंटा के उपाध्यक्ष श्री माड़वी देवा भी उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मिचवार में जल शक्ति अभियान कैच द रैन के अंतर्गत स्कूली बच्चों,शिक्षकों एवं गांव के सरपंच एवम जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से जागरूकता रैली निकली गई। इस दौरान शपथ, पौधा रोपण एवम जल रक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई।



### बस्तर ओलंपिक नवम्बर में, पंजीयन 20 अक्टूबर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष रूप से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय कांकेर में भी व्यापक रूप से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला स्तर पर कलेक्टर एवं संभाग स्तर पर कमिश्नर इसके अध्यक्ष होंगे। जिला खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष एवं 17 से 21 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं तथा युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवाद के मध्य भी यह प्रतियोगिता संभाग स्तर पर होगी, जिसका पंजीयन 1 से 20 अक्टूबर तक किया जाएगा। पंजीयन विकासखण्ड में जनपद पंचायत, जिला में कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, इण्डोर स्टेडियम भवन, कांकेर, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर एवं संभाग में ऑनलाईन एवं ऑफलाइन किया जाएगा। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड एवं एकाउंट डिटेल स्वयं का नाम, पता, पिता का नाम, खाता क्र. एवं आई.एफ.एस.सी. कोड अनिवार्य होगा।

# कांग्रेस के बंद के आव्हान का बाजार पर कोई असर नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किए बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर एक दिवसीय प्रदेश व्यापी बंद का आव्हान किया गया था। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के साथ अपने निवास से दिन 11 बजे रैली निकालकर शहर के अंदर दुकानदारो एवं व्यापारियों से बंद में सहयोग करने अपील करते दिखे परंतु कांग्रेसियों के जाते ही सभी प्रतिष्ठाने रोज की तरह खुलती चली गई। कांग्रेस के बंद की अपील का असर दो से पांच मिनट तक दिखाई पड़ा। कांग्रेस के द्वारा प्रातः 9 बजे से शाम 3 बजे तक बंद रखने का आव्हान किया गया था जो दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ा। कांग्रेस की यह रैली विधायक निवास से निकलकर मुख्यमार्ग हाईस्कूल चौक, भगतसिंग चौक, गोलबाजार, भंडारी चाल, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तम्भ चौक, सेठपारा लाईन होते हुए गोलबाजार पहुँचकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोलते हुए कहा गया कि कवर्धा जिले के बोडला विकासखण्ड अंतर्गत रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम-लोहारीडीह में विगत दिनों हुई हत्या, आगजनी एवं पुलिस की बेरहम पिटाई से लगातार तीन मौत से पूरे प्रदेश में तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी है। राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है, चारो ओर लूट हत्या, बलात्कार घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसे रोकने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। आज की रैली में प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल,पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजयराज सिंह, सुरेश सिन्हा, नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम,जनपद सदस्य पुष्पा वर्मा व प्रभा साहू, जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, संदीप गहरवार, विष्णु लोधी, फिरंगीराम पटेल,हरीश भंडारी, रामजी तराने, राजू राजपूत, प्रमोद टेम्भुरकर, हरीश भंडारी,चुम्मन साहू, शिशुपाल भारती, प्रकाश महानदी, कृष्णा लिल्हारे,मतीन खान, मयूर हत्थेल,अकिल कुरैशी, संजय यादव, गणेश साहू सहित ग्रामीण शहर कांग्रेस कमेटी के कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### ग्राम नीलावाया में हुआ वजन त्यौहार का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 21 सितंबर।** परियोजना कुआकोंडा के अंतर्गत दूरस्थ अंचल का ग्राम नीलावाया में 1 से 30 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम नीलावाया के 4 आंगनवाड़ी केंद्र (पटेलपारा, स्कूलपारा, जोगापारा, मिल्कनपारा)के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर भी आयोजित की गई। जिसमें कुल 25 कुपोषित बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हे दवाइयां और प्रोटीन पाउडर प्रदान किया गया। इस बाल संदर्भ शिविर में रेडी टू ईट से बने व्यंजन का पोषण माह में प्रदर्शन करने के साथ-साथ ''सही पोषण से देश रोशन'' थीम के तहत पोषक तत्वों का भोजन में महत्व को समझाया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधान मंत्री मातृत्व वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना,महतारी वंदन योजना,महिला कोष,मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना,सुकन्या समृद्धि योजना की भी जानकारी दी गई।

### ग्राम धुरली में ग्रामीणों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

**दंतेवाड़ा, 21 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत ''सेवाभाव स्वच्छता संस्कार'' थीम पर जिला दंतेवाड़ा के दूरस्थ वनांचल ग्राम धुरली में जिला प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं यूनिसेफ (एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट) के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीणों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। ज्ञात हो कि 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चल रहे ÷स्वच्छता ही सेवा है÷ अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें सार्वजनिक स्वच्छता के लिए काम करने हेतु प्रेरित करना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान एक महत्वपूर्ण सन्देश है, जो हमें अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ्य बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर अभियान के जिला सलाहकार सुरेश कुमार अनंत के नेतृत्व में ग्राम धुरली में स्वच्छता के नारों के स्लोगन के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकली गई। उसके पश्चात ग्राम के शासकीय भवनों, स्कूल, आंगनबाड़ी और चौक चौराहा के आस पास को ग्रामीण, समूह की महिलाओं और पंचायत समन्वयको के द्वारा जनभागीदारी रूप से श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई किया गया।

### एजुकेशन सिटी जावंगा में संगीत महाविद्यालय का उद्घाटन

**दंतेवाड़ा, 21 सितंबर।** एजुकेशन सिटी जावंगा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व से ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई जा चूकी है। इस क्रम में अब शिक्षा के साथ साथ कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दंतेवाड़ा जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नया मंच मिलेगा। इस कड़ी में विगत दिवस गीदम विकासखंड स्थित अटल बिहारी वाजपेई एजुकेशन सिटी जावंगा में संगीत महाविद्यालय के उद्घाटन का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री चैतराम अटामी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता जिला नोडल एजेंसी के प्रभारी और जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. अंबस्ता ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संगीत महाविद्यालय के प्रभारी सुरेश यादव, सहायक प्राध्यापक शासकीय मॉडल कॉलेज जावंगा ने उद्घाटन कार्यक्रम का परिचय दिया। इस अवसर पर संगीत एवं कला में नवनियुक्त संकाय सदस्यों सहायक प्राध्यापक भागीरथी विभार, शिक्षक मुकेश कश्यप एवं गिरिजा शंकर देवांगन ने संगीत के विभिन्न आयामों पर अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन संगीत शिक्षकों ने उपस्थित जनों को संगीत के गहरे और विविध रूपों से परिचित कराया।

## विश्व कृतज्ञता दिवस पर विशेष आयोजन

# कृतज्ञता का जैन धर्म में विशेष महत्व : मुनि सुधाकर

**रायपुर 21 सितंबर।** श्री लाल गंगा पटवा भवन टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रायपुर द्वारा विश्व कृतज्ञता दिवस उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किया गया जिसमें मुनि वृंद ने कृतज्ञता/आभार/धन्यवाद को विभिन्न उदाहरणों से उनकी उपयोगिता से हम अपने जीवन को नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाते हुए स्वस्थ्य जीवन जीने के साथ अपने आपको महान कैसे बना सकते हैं बताया।

उपरोक्त आयोजन में मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि विश्व में सभी प्रकार से कृतज्ञता का अपना महत्व है परन्तु जैन धर्म में तो इस शब्द का विशेष महत्व है। भगवान महावीर ने प्राणीमात्र के साथ इस जगत के सभी तत्वों के प्रति कृतज्ञता अर्थात अप्रमाद संयम की भावना व्यक्त कि। साथ ही भगवान ने श्रावक-श्राविकाओं से आवाह्न किया कि वे अपने आप को कभी भी दीन-हिन नहीं समझे बल्कि जो मिला है उसमें आनंद पाने का प्रयास करें क्योंकि कि देने वाले ईश्वर ने आपको सबकुछ न दे कर कुछ तो विशेष दिया है अर्थात् आप कल्पना कीजिए जिनके पास बहुत कुछ नहीं है। मुनिश्री ने आगे कहा कि हमें दूसरों के पास क्या है इसे देखते हुए दुखी होने के बजाय यह देखना चाहिए कि हमारे पास क्या है और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।



मुनिश्री ने तीन बातों में कृतज्ञता के प्रयोग से हम अपने जीवन का स्वकल्याण कर सकते हैं बताया - प्रथम स्वयं के प्रति कृतज्ञता - मैंने अपनी क्षमता अनुसार बेहतर किया बजाएं इस प्रतिक्षा में की दूसरे मेरी प्रशंसा करें। दूसरा अपने पन का एहसास - दूसरों के प्रति हमेशा शिकायत करने की भावना के बजाय उनके किये कार्य पर कृतज्ञता धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने पन का भाव जागृत करें। तीसरा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता - हमेशा देने वाले ईश्वर के प्रति कृतज्ञता के भाव रखें बजाएं शिकायत के। मुनिश्री ने कहा कि पिछे का जिक्र और भविष्य की फ़िक्र हमें हमेशा परेशान करती है हम वर्तमान में जीना सीखें।

## एक नजर

### न्यायाधीश सहित न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा की गई न्यायालय परिसर की सफाई

**महासमुंद 21 सितंबर ।** माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देश अनुसार महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर दिनांक 14 सितंबर 2024 से 01 अक्टूबर 2024 तक ''स्वच्छता ही सेवा'' दिवस मनाए जाने के संबंध में निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि उक्त अभियान ''स्वच्छता ही सेवा'' के परिपेक्ष्य में आज जिला न्यायालय परिसर महासमुंद में न्यायाधीशगण सहित न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई किया गया तथा सम्मिलित सभी को स्वच्छ तथा अपने आसपास स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में मुख्य रूप से उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्रीमती अनिता डहरिया द्वारा अभियान में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता गतिविधिया की भावना स्वैच्छिकता और श्रमदान है। यह स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना उपन्न करना है। स्वच्छता हमारें जीवन का अभिन्न अंग है और इसे हम बचपन से सीखते आए है और उम्र के साथ ये हमारी आदत बन जाती है। हम बचपन से अन्य व्यव्हार जैसे बोलना, चलना सिखते है ठीक उसी प्रकार हमे सफाई की भी शिक्षा मिलती जाती है। हमे जीवन भर स्वच्छता का विषेष ध्यान रखना चाहिए। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। इसी तरह ''स्वच्छता ही सेवा'' पर अधारित तहसील मुख्यालयों में स्थित न्यायालयों के अधिनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा न्यायालय कक्ष तथा न्यायालय परिसरों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर जिला न्यायालय के सभी कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर बैनर पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण सहित अधिकारी-कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ पीएलव्ही उपस्थित रहें।

### 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23 से 26 सितम्बर तक मिनी स्टेडियम में

**महासमुंद 21 सितंबर ।** महासमुंद के मिनी स्टेडियम में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 26 सितम्बर तक होगा। प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासुपर एवं सरगुजा जोन से कुल 360 खिलाड़ी शामिल होंगे। जिसमें से प्रत्येक जोन से 72 खिलाड़ी एवं 5 जोन से कुल 100 कोच व मैनेजर रहेंगे। कलेक्टर एवं अध्यक्ष आयोजन समिति श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण पर है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मोहन राव सावंत ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें अलग-अलग जोन के लिए आवास व्यवस्था एवं मार्च पास्ट की जोन प्रभारी नियुक्त किए गए है। कार्यक्रम का शुभारम्भ 23 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे मिनी स्टेडियम में होगा। जबकि समापन कार्यक्रम 26 सितम्बर को होगा।

# कांग्रेस के बंद का बीजापुर में दिखा असर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** कवर्धा घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज बीजापुर मे बंद का व्यापक असर देखने को मिला छोटी बडी सभी दुकाने बंद रही आवापल्ली क्षेत्र मेभी बंद का असर. दिखा। यहां बतादे शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के सभी बडे पदाधिकारी नगर में घुम कर व्यापारियों से बंद को समर्थन देने की अपील किया था जिसका असर आज देखने को मिला बंद के मद्दे नजर नगर मे.शांति कायम रही बंद को समर्थन देने के लिए कांग्रेस कमेटी ने सभी नगर वासियों का आभार माना है।

## कलेक्टर ने किया उसूर ब्लॉक का औचक निरीक्षण

**बीजापुर 21 दिसम्बर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने उसूर ब्लॉक का दौरा कर स्वास्थ्य शिक्षा सहित विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान बासागुड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दैनिक ओपीडी, आईपीडी सहित स्वास्थ्य केन्द्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया एवं जीवनदीप समिति के माध्यम से दो सफाईकर्मी, 1 लैब राईडर की नियुक्ति एवं डिजीटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट के निबटान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा बाईक एम्बूलेंस को मरम्मत कराने को कहा।बासागुड़ा के पोटाकेबिन निरीक्षण के दौरान परिसर में मुरमीकरण, विद्युत व्यवस्था, विद्युत पंखा सहित खिड़कियो में जाली लगाने परिसर को स्वच्छ रखने सहित मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोकथाम नियमित स्वास्थ्य जांच, भोजन व्यवस्था इत्यादि का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।राजस्व विभाग अर्न्तगत अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली ।



बीजापुर। आवापल्ली में सांसद ने नवीन कन्या छात्रावास का भूमिपूजन किया

## हत्या के मामले में एक ही परिवार के तीन आरोपी, गिरफ्तार



**बीजापुर,21 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 10.08.2024 को सूचनाकर्ता फूलचंद कड़ियामी निवासी शिविरपारा ने दोपहर के समय थाना बीजापुर आकर पुलिस को सूचना दी कि इसकी बड़ी बहन सरस्वती कड़ियामी उम्र 34 वर्ष सुबह करीब 06.30 बजे शिविरपारा से सागवाही खेत रोपाई काम से अकेली पैदल निकली थी , जो अब तक घर वापस नहीं पहुंची है। स्वयं से खोजबीन करने पर कन्हईगुड़ा के पहले जंगल में उसका चप्पल, झोला पड़ा हुआ मिला । सूचना मिलने पर मामले की गंभीरता को समझते हुए बीजापुर पुलिस टीम तुरंत ही परिजनों के साथ घटनास्थल जाकर सर्च किया, जहां खून के धब्बे एवं झोला दिखाई दिया । सघनता से सर्च करने पर रास्ते से करीब 100 मीटर की दूरी पर गुमशुदा सरस्वती कड़ियामी का शव नाले में उल्टे मुंह फंदे से लटका मिला था । घटना स्थल देखकर पुलिस ने भाप लिया था कि यह मामला आत्महत्या का नहीं हो सकता, अपितु घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है । पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया । पोस्टमार्टम के दौरान फंदा खोल कर देखा गया तो मृतिका सरस्वती का गला रेता गया था । जिसे आत्महत्या का रूप देने शातिराना तरीके से फंदा लगा दिया गया था । पोस्टमार्टम में डॉक्टर की टीम ने प्रथम दृष्टया मामला हत्या का होना बताया । अन्य किसी तरह की घटना होने से इंकार किया था । जिससे पुलिस को यह सुनिश्चित हो गया था कि किसी जानने पहचाने वाले व्यक्ति ने ही पूरी तैयारी के साथ घटना को अंजाम दिया है । मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को काफी मश्क्कतों का सामना करना पड़ा । घटना स्थल घना जंगल एवं नक्सल प्रभावित ईलाका था, आसपास या रास्ते में किसी तरह का कोई सीसीटीव्ही कैमरा नहीं था एवं मोबाईल नेटवर्क भी कमजोर था । विवेचना के दौरान सरस्वती के इतिहास का अध्ययन करने पर भी कोई खास बात निकलकर सामने नहीं आ पा रही थी तथा चौकाने वाले तथ्य थे कि मृतिका का भाई घटनास्थल व घटना समय के आसपास कई बार गुजरा था । उसके अलावा भी उस रास्ते में लोगों का आवाजाही सुबह से लगातार हो रहा था, पर किसी ने भी किसी को देखना नहीं बता रहे थे। पुलिस ने विवेचना के दौरान करीब 500 से अधिक कॉल रिकार्ड खंगाले तथा 200 से अधिक लोगो से पूछताछ के बाद भी किसी स्पष्ट नतीजे पर पहुंच नहीं पा रहे थे । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव के द्वारा अति पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री वैभव बैंकर, अति0 पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चन्दकांत गवर्ना के मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम के नेतृत्व में 02 निरीक्षक 08 उप निरीक्षक एवं 15 जवानों की एक विशेष टीम का गठन किया गया । जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक कर रहे थे । पुलिस टीम की लगातार धैर्य पूर्वक मेहनत से अंततः कुछ ऐसे सुराग मिले जिससे कि पुलिस टीम ने पदेड़ा निवासी नंदू मांझी व उसके भैया मंगल मांझी को हिरासत में लिया। दोनों से पूछताछ करने पर दोनों शातिर अपराधी लगातार पुलिस को गुमराह करते रहे, किन्तु अंततः घटना कारित करना कबूल किये। नंदू मांझी ने पूछताछ में कबूल किया कि मृतिका सरस्वती कड़ियामी से इसकी शादी का रिश्ता लगा था परंतु सरस्वती के द्वारा अपमानित करते हुए इससे शादी के लिए मना कर दिया गया था। उसके बाद भी नंदू लगातार सरस्वती से बातचीत करने का प्रयास करता रहा, परंतु सरस्वती उससे बात करने या कोई भी मतलब रखने से इंकार कर देती थी, सरस्वती द्वारा अपमानित कर शादी से इंकार करने के कारण नंदू व उसके परिवार की समाज में काफी बदनामी हुई थी तथा उसका कहीं भी रिश्ता नहीं लगा पा रहा था, इसी बात से नंदू, सरस्वती से काफी नाराज था तथा इसका बदला लेना चाहता था ।

# मिलन चौक व सार्वजनिक स्थालों पर स्वच्छता अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा के अभियान के तहत जिला मुख्यालय के नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक मे शुक्रवार को वार्ड के मिलन चौक व सार्वजनिक स्थाल मे स्वच्छता अभियान चलाया गया है ।

नगर पालिका बीजापुर क्षेत्र अंतर्गत चल रहे 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 20 सितंबर 2024 को मुख्य नगर पालिका आधिकारी श्री वी के एस पाल दास के निर्देशानुसार नगर के वार्ड 02 मिलन चौक बीजापुर में सफाई अभियान चलाया गया! इस सफाई अभियान में वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद श्री नन्द किशोर राणा जी के द्वारा वार्ड में झाड़ू लगा कर प्रत्याक्छ रूप से लोगों को आस पास सफाई बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया! और रोड तथा नालियों कि सफाई कि गई! साथ हि साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 अंतर्गत स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। और लोगों को सफाई के नियमों का पालन करने हेतु हिदायत दी गई साथ हि साथ वार्ड वासियों को श्रम दान कर आपने शहर को साफ करने हेतु भी प्रेरित किया गया! सफाई अभियान में वार्ड वासियों तथा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी तथा सवच्छता दीदियों नें भी अपना योगदान दिया इसके अतिरिक्त इस अभियान में पार्षद नन्द किशोर राना पार्षद संजय गुप्ता जिलाराम राना गणेश पत्रों, सुंदर पुजारी,मुकेश राठी,नगर पालिका के स्वच्छता अभियान के प्रभारी श्री एन.कृष्ण रेड्डी व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोई दिवाना कहता है, कोई पागल समझता है....मगर धरती की बेचैनी को बस बादल समझता है:कुमार विश्वास

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर डॉ.कुमार विश्वास एवं पद्मश्री डॉ.सुरेन्द्र दुबे एवं अन्य कवियों की कविता पाठ ने देर रात तक श्रोताओं को गुदगुदाता रहा। वहीं कार्यक्रम में सुश्री मानसी दत्ता एवं साथी कलाकारों ने बीहू नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही बिलासपुर से आए अनिल कुमार गढ़ेवाल के नेतृत्व में गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।कवि डॉ.कुमार विश्वास ने रायगढ़ चक्रधर समारोह के बारे में कहा कि राजा चक्रधर सिंह ने रायगढ़ में किले के साथ ही गीत के गढ़ बनाए है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के श्रोताओं की तारीफ करते हुए कहा कि कहा कि विदेशों में कविता धन सुनता है वहीं छत्तीसगढ़ के किसी भी क्षेत्र में आने पर लगता है जैसा कविता मन सुन रहा है.... मैं जब तेज चलता हूं तो नजारे छूट जाते है... कोई दिवाना कहता है कोई पागल समझता है.... पुराने दोस्ती को इस नई ताकत से मत तौलों ये संबंधों की तुरपायी है षडयंत्रों से मत खोलों...जैसे कविता पाठ पढ़ी तो श्रोताओं की वाहवाही के साथ तालियां बजती रही।पद्मश्री डॉ.सुरेन्द्र दुबे ने मंच पर आकर जैसे ही कहा कि टाईगर अभी जिन्दा है...श्रोताओं ने तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने रायगढ़ पर चुटकी लेते हुए कहा कि रायगढ़ के एक बात खास है, यहा के आदमी एकदम झकास हे... काबर हाथ में माचिस रखके सिगरेट मांगथे....गजब के आत्मविश्वास है। दु के पहाड़ा चार बर पढ़, अमटाहा भांटा ला खां, मूंनगा ला चूचर, राजीम में नहां के डोंगरगढ़ चढ़.. इही ला कथे छत्तीसगढ़... उन्होंने बताया कि जब बाहर जाने पर पूछा जाता है कि छत्तीसगढ़ में देखने लायक क्या है, तो उन्हें श्रोताओं को गुदगुदाते हुए कहा कि एक तो में हो...सुश्री साक्षी तिवारी ने वीर रस पर कविता पाठ पढ़ी। उन्होंने तेरी छॉव में सावली हो गई, न सुध-बुध रही, बावरी हो गई, जब से तुमसे मिली शेरनी हो गई...इसी प्रकार उन्होंने श्रीराम पर कविता पाठ किया- कठिन होता है निष्काम हो जाना, नहीं आसान जग में श्रीराम हो जाना... इसी प्रकार उन्होंने वंदे मातरम कहो जी वंदे मातरम...पर जोशपूर्ण भक्ति गीत पर कविता पाठ की। दिनेश बावरा ने श्रोताओं को हंसाते हुए वर्तमान में मोबाइल के दुष्परिणाम को भी बातों ही बातों में कह डाली। उन्होंने कहा कि इसने छीना है नई किताबों के सुगंध को, बेटी के शादी के निमंत्रण पत्र पर लगे हल्दी के गंध को... कवि श्री सुदीप भोला ने राजनीतिक पर चुटकुले लेते हुए दर्शकों को हंसी-ठिठोली में डुबाया रखा। उन्होंने भारतीय रेल के टायलेट में लिखे नंबरों पर श्रोताओं को खूब हंसाया। असम की लोक संस्कृति चक्रधर समारोह में जीवंत हो उठी। मेझांकोरी मेघ मोल्लार संस्थान के कलाकारों ने मंच पर असम की इंद्रधनुषी संस्कृति की छटा बिखेरी। दर्शक मंत्रमुग्ध होकर असम की लोक संस्कृतियों का आनंद उठाया। गौरतलब है कि मेझांकोरी मेघ मोल्लार ने विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है, जिससे असम की सामाजिक-जातीय पहलुओं को लोगों के सामने लाया गया है और लोगों को याद दिलाया गया है कि असम केवल आंखों के सामने से अधिक है। मेझांकोरी मेघमोल्लार एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसकी स्थापना 2016 में हुई थी। इस संगठन की स्थापना मणाशी दत्ता और सत्योजीत बोरपट्रागो द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य असम की लोक संस्कृति के लिए कुछ करने का था। तब से यह असमिया संस्कृति को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के मिशन में बदल गया है। संस्था ने कुशल, जीवंत युवाओं की एक टीम बनाई और विभिन्न आयोजनों में असमिया लोक संस्कृति को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए प्रदर्शन किया। इस संगठन ने कई कलाकारों को प्रशिक्षित किया है, जिन्होंने इस क्षेत्र में नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है। मेझांकोरी मेघमोल्लार ने असम में 400 से अधिक स्टेज शो किए हैं। हमने नई पीढ़ी में हमारी लोक संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए कई कार्यशालाओं, विशिष्ट सत्रों और अन्य आयोजनों का भी आयोजन किया है। अपनी 19 सदस्यीय टीम के साथ उन्होंने प्रदर्शन किया। असमिया लोक संस्कृति, जिसमें सत्रिया नृत्य, बिहू, मिसिंग, राभा, करबीए देवरी आदि शामिल हैं, की प्रस्तुति से लोगों का प्यार पाया। चक्रधर समारोह के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की पारंपरिक गेड़ी नृत्य प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी। बिलासपुर से आए लोक श्रृंगार भारती गेड़ी नृत्य दल ने संचालक अनिल कुमार गढ़ेवाल के नेतृत्व में शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। दर्शकों ने लंबे अरसे बाद सामूहिक गेड़ी नृत्य देखा और इसका भरपूर आनंद उठाया। उल्लेखनीय है कि गेड़ी लोक नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य की पुरातन लोक संस्कृति में से एक है। जिसे हरेली पर्व के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के विद्वानों एवं बुजुर्गो की ऐसी मान्यता रही है कि गेड़ी नृत्य लगभग 2000 वर्ष से भी अधिक पुराना लोक नृत्य है। इस नृत्य परंपरा को लोक श्रृंगार भारती के लोक कलाकारों ने फिर से जीवित किये हैं और इसका सरंक्षण कर रहे है। गेड़ी लोक नृत्य दल को उड़ीसा राज्य के कटक जिला में आयोजित राष्ट्रीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में 215 दलों की भागीदारी में प्रथम स्थान प्राप्त हो चुका है। वैसे ही उत्तरप्रदेश के बरेली शहर में आयोजित उत्सव में 200 दलों की भागीदारी में प्रथम स्थान तथा पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर में आयोजित राष्ट्रीय गीत एवं नृत्य, नाट्य प्रतियोगिता में 195 दलों की भागीदारी में गेड़ी नृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हो चुका है। अभी तक उनकी टीम द्वारा गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन भारत वर्ष के 13 राज्यों में किया जा चुका है।

## विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों ने पीएम मोदी को सुना

**बीजापुर,21 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पी एम विश्वकर्मा योजना के प्रथम वर्षगाठ के अवसर पर स्किल इंडिया मंत्रालय,एमएसएमई द्वारा वर्धा महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम को पी एम श्री मोदी जी द्वारा सम्बोधित किया गया. जिसे जेजेएस बीजापुर में उनके उदबोदन को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया । कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने विश्वकर्मा योजना द्वारा लाभावित शिल्पियों को राष्ट्र निर्माणकर्ता व् संस्कृतियों को संरक्षित करने वाले कार्यवाहक बताया, जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी कला व् विरासत को संजोये हुए इस काम में लगे हुए है. साथ ही पी एम विश्वकर्मा योजना के लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। अभिषेक अवस्थी निदेशक द्वारा बताया कि ट्रेनिंग सेंटर जेएसएस बीजापुर कार्यालय में अब तक सिलाई ट्रेड में 72 हितग्राही प्रशिक्षित किये गए है जिसमें से अधिकतर को पोस्ट द्वारा सम्मान पत्र व् आई डी कार्ड मिल चुके है, कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त हितग्रहियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए.इस अवसर पर रवि कुमार (प्रोग्राम ऑफिसर),मोहन चौहान, योगेश ठाकुर, कुम्मार नागेश, नागेश दुर्गम, जयपाल, रुकसाना बेगम तथा प्रशिक्षकगण सहित 85 लोग उपस्थित थे.



## सदस्यता अभियान को लेकर बस्तर सांसद का बीजापुर दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** देश भर में चल रहे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी का एक दिवसीय तूफानी बीजापुर दौरा रहा।

इस दौरान बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी का बीजापुर के अति संवेदनशील क्षेत्र उसूर ब्लॉक के आवापल्ली, मुरकीनार तथा भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम कुटरू में सदस्यता अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद के बीजापुर प्रवास पर सभी कार्यक्रम स्थलों पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और आमजनो द्वारा गुलदस्ता भेंट एवम फूल माला वा तिलक वंदन कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। बीजापुर प्रवास पर रहे बस्तर सांसद श्री कश्यप जी ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में और गति प्रदान करने को कहा। श्री महेश कश्यप जी ने कार्यकर्ताओं से प्रदेश सरकार और केंद्र से सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने को कहा। एक दिवसीय बीजापुर प्रवास पर जनमानस और कार्यकर्ताओं की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों बात कर जल्द निराकरण हेतु आश्वासन दिया। बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी ने कुटरू में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया एवम स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू में मलेरिया से पीड़ित बालक आश्रम कुटरू के बच्चों से मिलकर उनका स्वास्थ्य का हालचाल जाना। डॉक्टरों को सही देखभाल और उचित इलाज करने को कहा। उधर आवापल्ली में सांसद श्री कश्यप जी कन्या छात्रावास का भूमिपूजन किया।भाजपा द्वारा आयोजित इस सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार , सदस्यता अभियान के जिला संयोजक संजय लुंकड़, जिलाराम राना, सतेंद्र ठाकुर, हरीश निषाद, अरविंद पुजारी, बलदेव उरसा, नंदकिशोर राना, संजय गुप्ता, सुखमन कश्यप, कमलेश मंडावी, नीता शाह, पुरुषोत्तम शाह, जानकी कोरसा, मथियास कुजूर, शंकरैय्या माड़वी, कैलाश पोंदी, कुंवर सिंह मज्जी, चिन्ना तेलम, जागर लक्ष्मैया, रामलाल पोडियम, कृष्ण रामटेके सहित भाजपा के हाला नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।



# भैरमगढ़ के सुदूर क्षेत्र बेलनार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में भैरमगढ़ ब्लॉक के अत्यंत सुदूर क्षेत्र बेलनार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मौसमी बीमारी के ईलाज सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में बीएमओ भैरमगढ़ डॉ. रमेश तिग्गा सहित स्वास्थ्य अमला का बेहतर योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कुल 138 लोग लाभान्वित हुए जिसमें मलेरिया जांच, एनिमिया जांच, रक्तचाप जांच, शुगर जांच, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज एवं अन्य बीमारियों का उपचार किया गया। मलेरिया जांच के दौरान 5 लोगों का पॉजिटिव्ह रिर्पोट आने पर उन्हे निःशुल्क दवाईयां एवं स्वास्थ्य परामर्श दिया गया और दवाईयों के नियमित सेवन के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग के टीम में बीआर कोर्राम, कु.अनिता, श्रीमती सुनीता मरावी, श्रीमती रानी मंडावी, श्री सुनिल, श्री राममुर्ति, श्रीमती प्रतीक्षा सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई, 21 सितंबर।** भिलाई छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इस्पात नगरी भिलाई में राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। फर्स्ट ऑल इंडिया पुलिस वेटलिफ्टिंग कलस्टर के रूप में इसका आयोजन 23 से 27 सितंबर तक होने जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के 12 सौ के लगभग महिला और पुरुष खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग, योगा और पावर रेटिंग में अपना जौहर दिखाएंगे अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेने कुल 32 टीम आ रही है। इसमें 12 सौ खिलाड़ी और 300 आफिसियल होंगे जयंती स्टेडियम के पास खिलाड़ियों के भोजन की व्यवस्था रखी गई है। वहीं शहर के विभिन्न सामुदायिक भवनों में खिलाड़ियों को ठहराया जाएगा। प्रतियोगिता में योगा के सारे इवेंट अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में होंगे। सेक्टर - 6 के ही जैन मिलन ट्रस्ट में पावर रेटिंग और महाराष्ट्र मंडल भवन में वेटलिफ्टिंग की स्पर्धा होगी। 12 सौ महिला एवं पुरुष खिलाड़ी 14 मैडल के लिए प्रदर्शन करेंगे।

# व्यापारियों का मिला स्वस्फूर्त समर्थन, भखारा बंद रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 21 सितम्बर।** कवर्धा पुलिस की बर्बरता से लोहरीडीह गांव के युवक प्रशांत साहू की मौत के विरोध में आज शनिवार को भाजपा सरकार की विफलताओं के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा ने भी मृतक प्रशांत साहू को गांधी प्रतिमा स्थल में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर बंद को सफल बनाने सुबह से ही पूरे कांग्रेस के साथियों साथ नगर भ्रमण कर बंद को सफल बनाया इस बंद के दौरान जिपं सदस्य गोविंद साहू ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से हर तरफ अत्याचार और कुशासन व्याप्त हैं विष्णु के तथाकथित सुशासन में कोई व्यक्ति सुरक्षित नई है आए दिन मर्डर, बलात्कार, चोरी, डकैती व्याप्त है पहले तो आमजन से ये कार्य होता था लेकिन विवेचना के नाम पर पुलिस बर्बता से युवक की मौत दुखद है वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने इस बंद के लिए सभी व्यापारियों और आम जनमानस को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह बंद केवल प्रशांत साहू के लिए नहीं अपितु सभी छत्तीसगढ़ के आम जन की सुरक्षा के लिए है जिस सरकार को हम चुनते है वही हमारी सुरक्षा नहीं कर पा रही है आज चारो तरफ हर वर्ग इस डबल इंजन की सरकार बेरोजगारी, महंगाई, बलात्कार, चाकूबाजी, मर्डर आम बात हो गई है बड़े शहरों की घटनाएं अब ग्रामीण क्षेत्रों में आम सी हो गई है इस अवसर पूर्व नप विनोद साहू, प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू, संतोषी निषाद, जोन के पदाधिकारी रामचंद्र साहू, विनय साहू, महेंद्र साहू, सोमनाथ साहू, डॉ हरदेल बिट्टू गौर, रूपचंद साहू, पन्नू सिन्हा, बिसौहा राम, गोपिकिशन, कुलेश्वर साहू, पुखराज साहू, रूपेंद्र, लेखराम यादव, मनोज साहू, मुकेश साहू विजेंद्र, गीतेंद्र, मनीष साहू, डेमन साहू सहित कांग्रेस जन सम्मिलित हुए!

## समाचार संक्षेप

### हेमकुंड साहिब, ऋषिकेश और हरिद्वार की यात्रा को छाबड़ा ने दिखाई हरी झंडी



**भाटापारा, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के द्वारा हेमकुंड साहिब ऋषिकेश हरिद्वार यात्रा में 90 संगत के साथ शुक्रवार को 20.9.2024 रवाना हुई।इस यात्रा में महिलाएं और पुरुष इत्यादि शामिल है। इस पूरी संगत - को रेलवे स्टेशन रोड पंजाबी गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा से विदाई दी गई। ये पूरी संगत यात्रा के दौरान हेमकुंड साहिब के दर्शन करेगी, उसके उपरांत संगत को वापस लौटेगी। यात्रा को अरदास उपरांत हरी झंडी दिखाने के लिए रायपुर छत्तीसगढ़ सिख संगठन संरक्षक हरपाल सिंह भामरा संयोजक अरूण बंटी छाबड़ा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला, महासचिव बलजीत सिंह भल्ला, मनमीत सिंह, गुरुचरण सिंह, प्रभजोत सिंह लाडी नीकू सिंह जिला अध्यक्ष सोनू सलूजा आदि उपस्थित थे।

### आंबा केंद्रों में बच्चों का वजन मापकर बेहतर पोषण की दी जा रही जानकारी



**बलौदाबाजार, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुपोषण से लड़ाई के लिए जिले के 1587 आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन तिहार सहित सुपोषण चौपाल का आयेजन किया गया है. इसमें 0 से 6 साल के सभी बच्चों के वजन और ऊंचाई को दर्ज किया जा रहा है. ये तिहार जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 से 23 सितंबर तक मनाया जा रहा है. कुपोषण एवं एनीमिया एक गंभीर समस्या है कुपोषण तथा एनीमिया को दूर करने हेतु भारत शासन द्वारा पोषण अभियान का संचालन किए जा रहे है जिसे राष्ट्रीय पोषण माह 2024 में निर्धारित थीम, एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक पोषण आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शित और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी एवं समग्र लेखन इत्यादि पर गतिविधियां आयोजित हो रहे है। जिले में कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टी जाटवार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र डमरू 3-4 बोईरडीह, लटुवा 1, 2 एवं 3, मेढ़ 1, 2 एवं 3के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह 2024 के दौरान आयोजित गतिविधियों का अवलोकन निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। जाटवर के द्वारा सुपोषण चैपाल में 10 बच्चों का अन्नप्राशसन, 12 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कराया एवं कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही एवं अन्य लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में, स्तनपान की विधि, प्रसव के तुरंत पश्चात् एवं लगातार स्तनपान कराने सभी माताओं को अपने बच्चों को 06 महीने तक केवल स्तन पान कराने एवं 06 महीने पूर्ण होने के पश्चात् ऊपरी आहार खिलाने में बच्चे के आहार हमे सहीं तरीके से शुरू करना चाहिए।

## एक नजर

### मंत्री पर आरोप लगाना महंगा पड़ा तहसीलदार सिमगा निलंबित

**सिमगा, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व



एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर से 19 सितम्बर को जारी आदेश के मुताबिक राज्य शासन द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के स्थानांतरण किया गया था, उक्त स्थानांतरण के संबंध में सिमगा के तत्कालीन तहसीलदार नीलमणि दुबे द्वारा मीडिया में बिना शासन की अनुमति प्राप्त कर शासन के विरुद्ध वक्तव्य देने के कारण नीलमणि दुबे तहसीलदार के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965, नियम 3, एवं 9, का उल्लंघन प्रथम दृष्टया में पाए जाने पर राज्य शासन द्वारा नीलमणि दुबे तहसीलदार को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण तथा नियंत्रण तथा अपील)नियम 1966, के नियम 9, (1) क के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, निलंबन अवधि में नीलमणि दुबे तहसीलदार का मुख्यालय जिला कार्यालय मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी निर्धारित किया गया है। बताते चलें कि तहसीलदार नीलमणि दुबे द्वारा तहसीलदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रुप में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के खिलाफमीडिया में ट्रांसफर, पोस्टिंग में पैसे लेने का आरोप लगाया गया था, सिमगा में पदस्थ रहे तहसीलदार शुरू से ही विवादित रहे हैं और आम जनता इनके क्रियाकलापों से परेशान थे व दलालों से हमेशा घिरे रहते थे।

### जादूगर मनोज घायल का भाजपा युवा मोर्चा ने किया सम्मान



**भखारा, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एक सप्ताह से जादूगर मनोज घायल अपने हैरतअंगेज कारनामों से ग्राम बोरझरा सहित क्षेत्र के लोगों को दांतो तले उंगली दबाने मजबूर कर दे रहे है।जादूगर मनोज घायल का कारनामा देखने अंतिम दिवस आसपास के गावों के सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी। जादूगर मनोज घायल की शानदार कलाबाज़ी को देखते हुए भाजपा बूथ अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व में भाजपा के नारायण लाल सिन्हा, राजेश रात्रे, शेषनारायण साहू, हूबलाल साहू, नवीन साहू, जितेंद्र साहू, धर्मराज साहू, खेमलाल साहू, छविकांत यादव ने उनका सम्मान किया।इस दौरान उन्हें सर्वोच्च त्याग का प्रतीक भगवा गमछा और श्रीफल से सम्मानित किया गया। जादूगर घायल ने कहा कि धमतरी जिले में पिछले 8 सालों से करतब दिखा रहा हूं।लोग हमारे टीम की कला को देखकर इनाम स्वरूप रुपए, पैसे, सहित कई अन्य सामग्रियां देते है।लेकिन आज बोरझरा के साथियों ने जो सम्मान मुझे दिया है। वह मेरे लिए अभी तक प्राप्त मूल्यवान वस्तुओं से कहीं ज्यादा है। उन्होंने बताया कि उनका कार्यक्रम 21 सितंबर से 25 सितंबर तक ग्राम गाड़ाडीह में पुनः सर्कस का करतब साथ ही कई नए कलाबाज़ी दिखाया जाएगा।

## दाऊ कल्याण सिंह से संबंधित भू-स्वामियों में फूटा आक्रोश

# भू-मालिकों ने मंत्री टंक राम और कलेक्टर को कराया समस्या से अवगत, ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भाटापारा, 21 सितम्बर।** दो माह पूर्व उच्च न्यायालय द्वारा दाऊ कल्याण सिंह से संबंधित भूमि एवं खसरो के संदर्भ में निर्णय दिया गया था।। उच्च न्यायालय ने राजस्व मंडल छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिए गए निर्णय को यथावत रखा ..सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन द्वारा दाऊ कल्याण सिंह से संबंधित खसरे में से 1977 के बाद हुई खरीदी बिक्री के लिए गाइडलाइन तैयार की जा रही है ..संबंधित भुस्वामियों का आरोप है कि स्थानीय राजस्व विभाग द्वारा लगातार नागरिकों को भ्रमित किया जा रहा है और ना ही खसरो की पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।। प्रशासन द्वारा छोटे से इश्तिहार के माध्यम से दावा आपत्ति तक बुलाई जा चुकी है जिसकी अंतिम तिथि 30.8.2024 निर्धारित थी।। भू स्वामियों के पास दावा आपत्ति का पर्याप्त समय ही नहीं मिला जिसके कारण भूस्वामियों में आक्रोश व्याप्त है।

**भाटापारा के 30 से 40 प्रतिशत भूमि एवं खसरे हो रहे प्रभावित:** माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद यदि प्रशासन द्वारा भूमि को राजसात करने की प्रक्रिया की जाती है तो भाटापारा नगर की लगभग 30 से 40त्न भूमि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी बड़ी संख्या में लोग बेघर हो जाएंगे भू स्वामियों का मालिकाना हक पुरी तरह समाप्त हो जाएगा।। ऐसे सभी खसरों से संबंधित भूमियों की खरीदी बिक्री पूर्ण रूप से बंद हो जाएगी। ।

**बैंकों ने दिया है करोड़ों रूपये का लोन :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाटापारा क्षेत्र में छोटे मकान से लेकर व्यवसायिक क व्यापारिक प्रतिष्ठानो के लिए निजी एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा व्यक्तिगत एवं व्यापारिक लोन प्रदान किया गया है ऐसी स्थिति में ऋणधारकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।। निर्णय के बाद से बैंक प्रबंधन भी असमंजस की स्थिति में है।

**राजस्व मंत्री व कलेक्टर ने दिया सहयोग का भरोसा:** गुरुवार को ही भू स्वामियों ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के सामने अपनी समस्या रखी और सारे विशयो में चर्चा के बाद शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो लोग बलौदा बाजार रवाना हुए वहां राजस्व मंत्री टकराम वर्मा एवं कलेक्टर दीपक सोनी को भविष्य में होने वाली समस्या से अवगत कराया, साथ ही राजस्व विभाग भाटापारा द्वारा लगातार भूस्वामियों को भ्रमित करने की शिकायत की जिस पर कलेक्टर महोदय ने सही शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**पीड़ित पक्षकार भविष्य में ले सकते हैं कड़ा निर्णय:** संबंधित वादग्रस्त भूमिस्वामीयो की गठित समिति ने उक्त निर्णय पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में यदि स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बरती जाती है तो अपने हितों की रक्षा के लिए व्यापक जन जागरण किया जाएगा और हर वर्ग हर वार्ड के नागरिकों एवं भू स्वामियों को एकत्रित कर विशाल घेराव व प्रदर्शन किया जाएगा।। भाटापारा नगर की हजारों एकड़ जमीन व विभिन्न कालोनियो के हजारों मकान उक्त निर्णय से प्रभावित हो रहे हैं और इसी कारण जनहित में क्षेत्र की विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं व दाल मिल, राइस मिल, पोहा मिल एसोसिएशन के साथ विभिन्न कॉलोनी की प्रबंधन समितियों व सामाजिक संस्थाओं ने खुलकर समर्थन देने का भरोसा दिया। राज्य एवं जिला प्रशासन के समक्ष पीड़ित पक्षकारों की बात रखने के लिए समिति ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# नपं कर्मचारी हड़ताल पर, कामकाज ठप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 21 सितम्बर।** नगरीय निकाय के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना समेत 6 मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल तूता धरना स्थल चले गए हैं. इसके चलते निकायों में कामकाज ठप हो गया है. इन कर्मचारियों की मांग है कि नगरीय निकायों के कर्मचारियों को प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से किया जाए. कर्मचारियों की यह भी मांग है कि नगरीय निकायों में ठेका पद्धति समाप्त करते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान किया जाए।

नगर पंचायत के कर्मचारियों का कहना है कि 10 साल की सेवा पूरी करने वाले निकाय के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण किया जाए।नगरीय निकायों के मृतक कर्मचारी के परिवारों को शीघ्र ही संभाग स्तर में रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया जाए.नगरीय निकायों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चैनल निर्धारित करते हुए संभाग स्तर में रिक्त पद पर पदोन्नति की जाए.नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 6वें व 7वें वेतनमान की एरियर्स की राशि का भुगतान के लिए जल्द आदेश निकाला जाए।नगर पंचायत छुरा के कर्मचारियों ने नगरीय निकायों के 6 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलनरत कर्मचारियों ने बताया कि संघ के आह्वान पर नगरीय निकायों के सभी कर्मचारी 18 से 20 सितंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे।हड़ताल की इस अवधि में निकाय के सभी प्रकार की सेवाएं ठप रहेंगी.इसके बाद भी शासन के द्वारा नगरीय निकाय के कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं की जाती हैं, तो निकाय के सभी अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे. हड़ताल में मुख्य रुप से जितेंद्र पाटकर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, , धनेश्वर नाग, नामेश साहू, परमेश्वर सिन्हा, उत्तम विश्वकर्मा, दीपक साहू मनोज दुबे, रजत ध्रुव नरेश ध्रुव, कृष्णकुमार वैष्णव एवम सफाई मित्रगण शामिल हैं।


**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202406140900030/
अ-13/सन् 2023-24
ग्राम-चारामा प.ह.नं.-06

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विद्या तिवारी पति विजय तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड क्रमांक-11 चारामा तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग. के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर एक आवेदन पत्र आवेदिका के भू-स्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम चारामा प.ह.नं. 06 वार्ड क्रमांक 11 सुभाषचंद्र बोस वार्ड नगर पंचायत चारामा में आबादी सर्वे पंजी वर्ष 2016-17 के सरल क्रमांक 706 खसरा नंबर 1005 में से भू-खण्ड क्रमांक 10 क्षेत्रफल 8.15×13.50 =110 वर्गमीटर भूमि पर मकान स्थित है। आवेदिका के उक्त भू-खण्ड में प्रवेश करने का एक आम रास्ता है जो कि बहुत ही संकीर्ण एवं पतला है एवं मकान के पीछे से आने हेतु भी एक 7 फुट चौड़ा आम रास्ता है जिस पर आवेदिका एवं उसका परिवार आवागमन करते आ रहे है। आवेदिका विवाद की सूक्ष्मता से स्थानीय जांच करके आवेदिका के मार्गाधिकार एवं अन्य सुखाधिकार को संरक्षित करते हुए आम निस्तारी मार्ग का प्रयोग करने एवं अनावेदकगण द्वारा किये गये बाउंड्रीवाल को तोडने धारा 131 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 10.10.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
चारामा
जि.-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)



**सर्टिफिकेट गुमा**

मैं ज्ञानेश्वरी उम्र 32 वर्ष पति शिवदास निवासी क्वार्टर नंबर 16/बी सड़क 3 सेक्टर 2 भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाली हूं। यह कि मेरा निम्नलिखित सर्टिफिकेट दिनांक 20/05/2024 को गुमने का स्थान सेक्टर 2 भिलाई है। असावधानी वश गुम हो गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

1. MIDWIFRY NURSING DIPLOMA X-6283
2. REGISTRATION CERTIFICATE X - 6283
3. PARAMEDICAL CERTIFICATE ROLL NO-35027

यह कि रजिस्ट्रेशन बुक गुम हो जाने की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने हेतु यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

श्रीमती ज्ञानेश्वरी
सेक्टर 2, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**//निविदा सूचना//**

क्रमांक 757/निविदा/लोक/2024-25, राजनांदगांव दिनांक 19/9/2024

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्यों हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रुपये में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 26 में पार्षद निधि से शेड निर्माण | 2.00 |
| 2 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 07 नाली एवं पी.सी.सी. रोड निर्माण | 9.50 |
| 3 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 11 में सामुदायिक भवन संधारण कार्य | 6.81 |
| 4 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 08 में शीतला मंदिर के पास चबूतरा शेड निर्माण | 1.49 |
| 5 | पार्षद निधि से वार्ड 20 में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कार्य | 2.00 |
| 6 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 35 कोठारपारा में भवन मरम्मत | 1.00 |
| 7 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 28 सामुदायिक भवन में फर्नीचर दिए जाने बाबत् | 0.78 |
| 8 | पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 28 सामुदायिक भवन में चेयर सप्लाई किये जाने बाबत् | 0.80 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.mcrjn.com एवं www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
राजनांदगांव



**कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा**

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-2953/NIT-03/2024-2025/व.ले.लि. दिनांक : 18/09/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 08/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 09/10/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) :- T0014 TO T0018- 750.00

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 03 T0014 | A/R WORK OF RESIDENTIAL BUILDING UNDER SUB-DIVISION KONTA, DISTT. SUKMA (1ST Call) | 5.00 5000.00 75000.00 | Period 31.03.2025 From Reckoned date |
| 03 T0015 | A/R WORK OF NON-RESIDENTIAL BUILDING UNDER SUB-DIVISION KONTA, DISTT. SUKMA (1ST Call) | 5.00 5000.00 75000.00 | Period 31.03.2025 From Reckoned date |
| 03 T0016 | Ordinary Repair Work for White Washing Colour Washing, Distempering and Painting Work on Residential Building Under PWD Sub Division Dornapal (1ST Call) | 5.00 5000.00 75000.00 | Period 31.03.2025 From Reckoned date |
| 03 T0017 | Supply of Petty Bazar Article Under Sub-Division Konta Distt. Sukma (1ST Call) | 3.00 3000.00 45000.00 | Period 31.03.2025 From Reckoned date |
| 03 T0018 | Supply of Road Material Under Sub-Division Konta Distt. Sukma (1ST Call) | 3.00 3000.00 45000.00 | Period 31.03.2025 From Reckoned date |

**निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।**

**नोटः-** 1. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 3. पैन कार्ड, 4. आधार कार्ड, 5. वैध बैंक साल्वेंसी, 6. ठेकदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि प्रमाण पत्र (E.P.F.) 7. आयकर चुकता प्रमाण/वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी. पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र (विगत त्रैमास/माह) सभी संबंधित दस्तावेज स्वयं के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। 8. टी.डी.आर./एफ.डी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।

जी-242502649/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा सुकमा संभाग


# युवा कवियों को निखारने नई कोपलें देने जा रहा राज्य स्तरीय मंच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 21 सितम्बर।** प्रतिवर्ष की भांति नवोदित कवियों को मंच देने में अग्रणी संस्था नई कोपलें (पोएट्री 36) परिवार के तत्वाधान में इस वर्ष भी संस्था के 6वें वार्षिक अधिवेशन को राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन व सम्मान समारोह के रूप में 22 सितम्बर 2024, दिन-रविवार को प्रयागराज राजिम नगरी की पावन धरा में वेदमाता गायत्री मंदिर परिसर, वीआईपी रोड के सभागार में आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहेंगे। यह कार्यक्रम उभरते हुए युवा कवि - कवियित्रियों को उचित मंच देने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन देने संस्था की ओर से एक छोटा-सा प्रयास है। ऐसे नवोदित युवा जिनको लेखन के क्षेत्र में सही दिशा और दशा बताने वाले वरिष्ठ कवियों का मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है, उनके लिए खुद को निखारने का यह बहुत ही सुनहरा अवसर है। यह कार्यक्रम इच्छुक नवोदित कवि - कवियित्रियों के लिए पूर्णतःनिःशुल्क है। संस्था की ओर से बताया गया कि ज्यादा से ज्यादा नवोदितों को मंच देने के लिए संस्था द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया में भी युवा कवियों को सादर आमंत्रण प्रेषित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से नवोदित युवा कवि-कवियित्रियों का पंजीयन कार्यक्रम हेतु किया जा रहा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)**
**Email ID-nagarpanchayatbijapur@rediffmail.com**

क्रमांक/895/लो.नि.शा./न.पा.परि./2024-25 बीजापुर, दिनांक 20/09/2024

**-::मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::-**

नगर पालिका परिषद बीजापुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से छ.ग.लो.नि.वि. द्वारा भवन एवं सड़क निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01/01/2015 को जारी एस.ओ.आर. तथा निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. के आधार पर निविदा प्रपत्र 'अ' में कम/बराबर/अधिक प्रशिक्षक दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय - 30/09/2024 समय 05:30 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र प्रदायगी की अंतिम तिथि एवं समय - 01/10/2024 समय 05:30 बजे तक
(3) निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 07/10/2024 समय 04:00 बजे तक
(4) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 07/10/2024 समय 04:30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य राकेश गुप्ता के घर से अशोक जब्बा के घर होते मेन रोड एन.एच. तक वार्ड क्र. 10 (द्वितीय निविदा) | 3.90 | 4000/- | 750/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत्व निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

## एक नजर

### मामूली बात पर युवक को पीटा

**रायपुर, 21 सितम्बर।** खम्हारडीह पुलिस ने बनियान ट्री के पास मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोहित सोनवानी 34 वर्ष वृंदावन कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी सालिकराम नायक को 100 रुपए उधार पैसा दिया था। जिसे वापस मांगने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश पर युवक से मारपीट

**रायपुर, 21 सितम्बर।** ग्राम कुरा नवापारा में पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष यादव 24 वर्ष ग्राम कुरा नवापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि गांव में ही रहने वाले आरोपी राकेश गिलहरे और करण गिलहरे ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

**रायपुर, 21 सितम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने बीएसयूपी कालोनी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी हसन अली 24 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी श्रवण प्रजापति 42 वर्ष, खमतराई पुलिस ने भोजराम साहू 60 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी रिषभ सोनी 25 वर्ष एवं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी अनिल साव 38 वर्ष व दिलीप साव 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र साहू 34 वर्ष, बलराम यादव 45 वर्ष, धीरज साव 32 वर्ष व पंकज साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मुजगहन पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार बंदे 30 वर्ष एवं आजाद चौक थाना पुलिस ने आरोपी लोकेश्वर साहू 38 वर्ष, नंदकिशोर ढीमर 31 वर्ष, राजीव दुबे 28 वर्ष, जितेन्द्र साहू 33 वर्ष, वृतेश यादव 44 वर्ष, दीपक साहू 22 वर्ष व नवेन्द्र कुमार मिंज 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### चाकू लेकर घुमते 8 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 21 सितम्बर।** कोतवाली और गोलबाजार थाना पुलिस ने चाकू लेकर घुमते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गणेश झांकी के दौरान चाकू लेकर घुमते हुए आरोपी भूषण फूंडे 20 वर्ष, चोवाराम यादव 19 वर्ष, राजेश महानंद 22 वर्ष, कुलेश्वर पाटले 21 वर्ष, कृष्णा साहू 21 वर्ष, हेमकुमार बाग 24 वर्ष व भक्कु देवार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी सलमान मिर्जा बेग 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान



**रायपुर 21 सितंबर।** कर्मचारी संघ के उक्त चुनाव मे 260 मतदाताओ में से 254 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया ,अध्यक्ष पद पर डॉ दिलीप कुमार घृतलहरे , उपाध्यक्ष तृतीय वर्ग में विवेक शर्मा , उपाध्यक्ष चतुर्थ वर्ग ललित कुमार देवांगन , कोषाध्यक्ष में पुष्कर दीवान ,सचिव पद पर संदीप कुमार खर्गवंशी दूसरी बार आये उप सचिव तृतीय वर्ग संतोष कुमार डहरे ,उप सचिव चतुर्थ वर्ग विजय कुमार ध्रुव , कार्य कार्यकारिणी पद पर कुल पांच पदों का चयन किया जिसमें राम बिशाल ठाकुर ,श्रीमती यामिनी टंडन, दीपक नेताम , प्रियंका ध्रुव , राजीव कुजूर श्रवण सिंह ठाकुर और प्रदीप कुमार मिश्र चुनाव अधिकारीगण ने बताया कि चुनाव मैदान में कुल 28 प्रत्याशी उतरें है 12 पदों के लिए कर्मचारियो ने चुनाव मे बढ़ चढ़ कर भाग लिये थे विजयी प्रत्यासीओ को वि वि के इतिहास में पहली बार मतपत्र लेखा और पूर्व की भाँति विजयी प्रत्याशियो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया चुनाव अधिकारीगण ने विजयी प्रत्याशियो को बधाई दी।

### निर्यात जागरूकता सत्र का आयोजन

**रायपुर 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 19 सितम्बर 2024 को चेंबर भवन में ईईपीसी इंडिया, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में नए बाजार की पहचान और निर्यात के अवसरों की खोज के साथ निर्यातकों को सशक्त बनाने निर्यात जागरूकता सत्र का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमे सुश्री स्नेहल ढोके, आईटीएस, सहायक डीजीएफटी, नागपुर, श्री राहुल मारोठे, कार्यकारी अधिकारी, ईसीजीसी लिमिटेड, श्रीमती जया बासु क्षेत्रीय निदिशक, ईईपीसी इंडिया एवं श्री कौशिक भट्टाचार्जी, सहायक निदेशक, ईईपीसी इंडिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह देव ने इंजीनियरिंग क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्यात पर इस तरह के जागरूकता सत्र आयोजित करने के लिए ईईपीसी इंडिया की पहल की सराहना की और छत्तीसगढ़ में अक्सर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने का अनुरोध किया।

# किताब घोटाला: भ्रष्टाचार के आरोपों पर लगी मोहर: विकास

**रायपुर 21 सितम्बर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने विज्ञप्ति जारी कर किताब घोटाले अंतर्गत कबाड़ में मिले लाखों किताब से सरकार की उस कार्यवाही पर सवाल उठाया है जिसमें पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा को निलंबित किया गया है, विकास उपाध्याय ने कबाड़ में मिले किताब घोटाले मामले की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित कमेटी पर पहले ही संशय व्यक्त किया था और इस कमेटी में दागी अधिकारियों को शामिल करने पर सवाल उठाए थे अब वह सवाल सही साबित हुए हैं कमेटी के तीन सदस्य भ्रष्टाचार में लिप्त हैं जिसमें से एक सदस्य पाठ्यपुस्तक निगम के महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश पर आज सरकार ने कार्यवाही करके विकास उपाध्याय के द्वारा लगाए गए आरोपों पर मोहर लगा दी है। विकास उपाध्याय ने आगे कहा कि इस पूरे मामले में जांच कमेटी ही संदिग्ध है और सरकार जांच के नाम पर लीपा पोती कर अपने चेहरे की कालिक साफ करने में जुटी हुई है जबकि पूरा मामला साफ है कि सिलियारी पेपर मिल में बरामद



हुई किताबें पूरे भ्रष्टाचार की कहानी बयां करती है इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी और स ं क ु ल प्रभारियों की मिलीभगत साफ है जिन्होंने किताबों का वितरण किया नहीं और किताबें रद्दी में बेच दी गई, यह प्रदेश का सबसे बड़ा किताब घोटाला है। यह पूरा भ्रष्टाचार अतिरिक्त और ज्यादा मात्रा में किताबें छपवाकर सरकार को चूना लगाने और कमीशन खोरी से संबंधित है,, अब इस मामले को कांग्रेस द्वारा उजागर करने पर जागी सरकार पूरे मामले को रफा-दफा करने में लग गई है, इसीलिए पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक पर कार्यवाही हुई है जबकि यह पूरा भ्रष्टाचार कड़ी दर कड़ी जुड़ा हुआ है।

विकास उपाध्याय ने बताया कि सात अलग-अलग जिलों से प्राप्त किताबों को कबाड़ कर बेचा गया,, सबसे पहले तो इन्हीं सातों जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए। अगर रायपुर जैसे बड़े शहर में यह हाल है, तो ग्रामीण इलाकों और आदिवासी क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी, इसका सीधा अंदाजा लगाया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी साय सरकार की इस लापरवाही और भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल उठाती है और इस पर तुरंत कार्रवाई की मांग करती है। उपाध्याय ने कहा कि साय सरकार को समझ में नहीं आ रहा है इस पूरे भ्रष्टाचार पर क्या कार्यवाही करना है और किस पर करना है, क्योंकि पहले जिस प्रकार इस घटनाक्रम के लिए शासन द्वारा पाँच सदस्यीय टीम बनाया जाता है उसमें महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा को भी रखा जाता है और अब वहीं उनके ऊपर कार्यवाही करते हुये उन्हें निलंबित किया जाता है। उपाध्याय ने कहा कि इस भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क, सदन से लेकर न्यायालय तक की लड़ाई लड़ी जायेगी और जब तक असली दोषी को सजा नहीं मिल जाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

# 200 बाल हृदय मरीजों का आपरेशन



**रायपुर 21 सितम्बर।** विश्व हृदय दिवस व 200 बाल हृदय मरीजों के आपरेशन में शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ संस्थापिका स्मिता सिंह के प्रयासों से मरीजों को जो सहयोग किया गया था इन विशेष अवसर के लिए शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने आज विशेष आयोजन किया जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी अपनी विशेष उपस्थिति देकर आपरेशन के उपरांत स्वस्थ हुए बच्चों को अपना आशीर्वाद व विशेष स्नेह दिया जिनके आपरेशन में शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने सहयोग किया था । मंत्री ने संस्था के सेवा कार्य की विशेष सराहना की इस अवसर पर हैदराबाद केयर अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ तपन दस सर ने इन सभी बच्चों की सर्जरी की थी कुछ बच्चों की सर्जरी रामकृष्ण केयर डाक्टर विनोद आहूजा द्वारा हुई है। आज के आयोजन के विशेष अतिथि डॉ तपन दस हैदराबाद केयर अस्पताल,श्री राम पंजवानी वरिष्ठ समाजसेवी,श्री अमर गुरनानी जी संस्था संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी रहे । आयोजन में छत्तीसगढ़ के जाने-माने चिकित्सक डॉ रागिनी पांडेय सत्य सांई, वरिष्ठ सर्जन डॉ विनोद आहूजा, डॉ प्रशांत ठाकुर कार्डियोलॉजिस्ट,मेकाहारा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कृष्णकांत साहू जी, रतना नारमदेव, प्रीति अजय बेहरा की गरिमामय उपस्थिति रही । आयोजन में शामिल मरीजों के परिजनों ने छत्तीसगढ़ शासन, शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ व डॉ तपन दस , डॉ विनोद आहूजा का आभार व्यक्त किया । आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका शकुंतला फाउंडेशन संस्था व हैदराबाद केयर अस्पताल की रही। आयोजन को सफल बनाने में स्मिता सिंह, डॉ अनुश्री पाठक, सुषमा बग्गा पदमा घोष, गोविन्द अग्रवाल, विवेक सोलंकी,हासी बैनर्जी, गायत्री, सिटिजन स्कूल से विनोद जैन, नवनीत जैन,संजना , निशांत अग्रवाल, सुभदा जी रहे।

# प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक संपन्न

**रायपुर 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक राजधानी स्थित रोहणीपुरम भवन में संपन्न हुई 7 बैठक की शुरुआत में सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी की पूजा कर अपने पितरो को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम की शुरुआत शुभम करोती कल्याणम से किया गया और आगामी कार्यक्रम भाई दूज पूजन के बारे में कार्य योजना बनाई गई 7 इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे संगठन की बहनें अपने भाइयों के लिए ÷दूज टीका÷ जिसमें भाइयों का पूजन कर दूज टीका कर उपहार देकर भाई दूज पर्व मनाएंगी 7 साथ ही अभी पित्र पक्ष हैं तो इस पर एक परिचर्चा ÷ पितृ पक्ष का सनातन परम्परा अनुसार शास्त्र संगत महत्व क्यों और कितना



?÷ इस पर परिचर्चा की गई 7 गणेश पक्ष पित्र पक्ष और दुर्गा पक्ष पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रथम मृदुला शर्मा द्वितीय प्रभा शर्मा और तृतीय हेमलता शुक्ला रही। इस अवसर पर एक और रोचक गेम खेला गया जिसमें अपने सिर पर एक थाली रखकर उसमे एक चूडी कहीं पर रख दी जाती हैं और आपको एक मुट्ठी चना बिना देखे उस चूडी के अंदर डालना है।

# स्वच्छता जागरूकता का दिया गया संदेश

**रायपुर 21 सितम्बर।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य मेंस्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम के साथ स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है 7 इसी क्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।

इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के चौथे दिन सेक्रेसा



ग्राउंड डब्लूआरएस कॉलोनी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के महत्व को समझाना था। आज खो खो खेल प्रतियोगिताओं और अन्य खेलों को शामिल किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत स्वच्छता जागरूकता का दिया गया संदेशसाहपूर्वक भाग लिया एवं अपनी फिटनेस और कौशल का प्रदर्शन किया । इन खेलों के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित संदेशों को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया, ताकि छात्र-छात्राएं स्वच्छता के महत्व को खेल-खेल में समझ सकें। इसके अलावा मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग की उपस्थिती में रेलवे कर्मचारी उनके बच्चों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया 7 कार्यक्रम के दौरान सभी को स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही उन्हे बताया गया कि कैसे छोटी-छोटी आदतें, जैसे कूड़े को कूड़ेदान में डालना, हाथ धोना और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखना, हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकती है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के पांचवे दिन कल दिनांक 21 सितम्बर को एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ।

# सिंचाई पानी पहुंचाने भाटापारा शाखा नहर का गेट खुला

**रायपुर 21 सितम्बर।** बीते दिनों हुये भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त नहर के मरम्मत हेतु सिंचाई पानी देना बंद किये गये भाटापारा शाखा नहर में ?10 दिनों बाद आज शुक्रवार पूर्वान्ह से पुनः पानी का प्रवाह शुरू हो गया है। इस नहर के कमांड एरिया में आने वाले खेतों को सिंचाई पानी की दरकार थी और इसकी सामयिक आवश्यकता को देखते हुये बीते कल गुरुवार को किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने महानदी जलाशय परियोजना के मुख्य अभियंता कुबेर सिंह गुरुवर को ज्ञापन भेज अविलंब इस शाखा नहर में पानी दिलवाने की मांग की थी ।

ज्ञातव्य हो कि बीते दिनों हुये भारी बारिश के चलते इस शाखा नहर में 61 किलोमीटर के आसपास ग्राम कुकुरचुंदा के नजदीक नहर क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके मरम्मत के लिये नहर में पानी देना बंद कर दिया गया था । इधर बारिश न होने की



वजह से किसान सिंचाई हेतु नहर पानी की आवश्यकता महसूस कर रहे थे जिस ओर श्री शर्मा ने श्री गुरुवर का ध्यान आकृष्ट कराया था । ज्ञातव्य हो कि गंगरेल के महानदी मुख्य नहर के 101 किलोमीटर पर बने क्रास रेग्युलेटर का उपयोग कर भाटापारा शाखा नहर को पानी दिया जाता है व इस शाखा नहर से हजारों एकड़ खेतों को सिंचाई पानी मिलता है । आज सुबह करीब 10 बजे इस क्रास रेग्युलेटर को उठा इस शाखा नहर में पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है।

# छात्राओं ने जाना सही पोषण क्या है

**रायपुर 21 सितम्बर।** प्राचार्य डॉ किरण गजपाल के मार्गदर्शन में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में पोषण माह के अंतर्गत दिनांक 20.09.2024 को जगन्नाथ राव दानी शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं को आहार संबंधी कई जानकारियां देने के लिए महाविद्यालय के एमएससी-1सेमेस्टर आहार और पोषण की छात्राओं द्वारा पोषण शिक्षण दिया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओ ने स्कूल की छात्राओ को पोषण की कमी के कारण होने वाली बीमारियों के बारे मे बताया , साथ ही इससे बचाव के बारे में जानकारी दी, साथ ही दूर कैसे करे, हमे क्या क्या अपने जीवन में शामिल करना चाहिए और संतुलित आहार, पोषक तत्व, आहार कैसे ले इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की.रक्ताल्पता को किन किन भोज्य पदार्थों का सेवन करने से बचा जा सकते है यह भी बताया.

अपने जीवन को एक खुशहाल बनाने के लिए मोबाइल से दूर रहे. परीक्षा का दबाव न ले. अपने पर विश्वास रखें . दूसरो से तुलना करने मे समय न गवाये. स्कूल की 75 से अधिक छात्राओं ने अत्यंत उत्साह से



शिक्षण कार्य मे भाग लिया. कार्यक्रम का डॉ नंदा गुरवारा एवं डॉ अभया जोगलेकर ने भी कुपोषण पर अपने विचार रखे . इस अवसर पर स्कूल के टीचर्स उपस्थित थे।

# कैट ने ऑनलाइन शॉपिंग पर कसा शिकंजा: अमर

**रायपुर 21 सितम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अमेज़न और अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा अत्यधिक छूट की पेशकश पर कड़ी आलोचना की है, उन पर देश के खुदरा व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया है। कैट ने कई बैंकों को भी आड़े हाथों लिया, जिन्होंने इन ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ख़रीदारी के लिए विशेष छूट और कैशबैक की पेशकश की है। व्यापारिक नेताओं ने इसे छोटे खुदरा व्यापारियों को व्यापार से बाहर करने की एक सोची-समझी साजिश बताया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेज़न ने मोबाइल फ़ोन और एक्सेसरीज़ पर 40 प्रतिशत तक की छूट और लैपटॉप्स पर छूट की घोषणा की है, जबकि शीर्ष टेलीविज़न ब्रांड्स पर छूट 65 प्रतिशत तक जा सकती है। वॉशिंग मशीन, रेफ़्रिजरेटर और एयर-कंडीशनर पर 75 प्रतिशत तक की छूट दी जा सकती है। अमेज़न की त्योहारी छूट योजना के तहत 5 जी सक्षम हैंडसेट ?8,999 तक की कम कीमत पर उपलब्ध होंगे।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि ये कदम कानूनों और नियमों की स्पष्ट अवहेलना को दर्शाते हैं। हाल ही में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा जारी की गई जांच रिपोर्ट, इन ई-कॉमर्स दिग्गजों के अनैतिक व्यापारिक तरीकों और कार्यप्रणाली को उजागर करती है, फिर भी ये कंपनियाँ उसी तरह के हानिकारक व्यापारिक तरीकों को जारी रख रही हैं। उन्होंने कहा कि ये कंपनियाँ भारत को 'बनाना गणराज्य' समझती हैं और देश के कानूनों और नियमों का बिल्कुल भी सम्मान नहीं करतीं। व्यापारिक नेताओं ने यह भी कहा कि कई ब्रांड्स भी इस अनैतिक खेल में शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भले ही ये छूट उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए दी जा रही हो, लेकिन ये खुले तौर पर निष्पक्ष व्यापार और मूल्य निर्धारण से संबंधित नियमों का उल्लंघन करती हैं। इतनी अधिक छूट न केवल बाज़ार की प्रतिस्पर्धा को विकृत करती है, बल्कि छोटे व्यापारियों और उन व्यवसायों के लिए एक असमान स्थिति पैदा करती है जो इतनी भारी छूट देने में सक्षम नहीं हैं।

व्यापारिक नेताओं ने सरकार से इन कंपनियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने, जिसमें उनके त्योहारी बिक्री को निलंबित करना शामिल है, का आग्रह किया है ताकि खुदरा क्षेत्र के हितों की रक्षा हो सके और निष्पक्षता बहाल की जा सके।

# सड़क पर गिरा पेड़, चपेट में आई कार, बाल-बाल बचे लोग

**रायपुर 21 सितंबर ।** राजधनी रायपुर के बूढ़ापारा इलाके में गणेश मंदिर के पास एक 100 साल पुराना विशालकाय पेड़ अचानक टूट कर गिर गया, जिसकी



चपेट में एक कार आ गई, वहीं कार में मौजूद एक चालक को सिर में चोट आई है, वहीं दो बच्चे भी सवार थे, जो सकुशल है। वहीं हादसे में कई लोग बाल बाल बचे, गनीमत रही कि हादसे के वक्त पेड़ के नीचे कोई और व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया, लेकिन कार को काफी नुकसान हुआ। वहीं अचानक इतने विशालकाय पेड़ के गिर जाने से इलाके में दहशत का माहौल है। सड़क के दोनों ओर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस की टीम और नगर निगम का अमला भी पहुंचा हुआ है, पेड़ को रास्ते से हटाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि अब सड़कों पर जान हथेली में रखकर घूमना पड़ेगा। प्रसाशन को ऐसे पेड़ो की पहचान कर उसे व्यस्त मार्गो से हटाना चाहिए, ऐसे हादसों से आम जनता भय के साय में आने जाने पर मजबूर है।

# दिहाड़ी मजदूरों के व्यस्थापन से आम नागरिकों को मिलेगी राहत, यातायात सुधरेगी : पुरन्दर मिश्रा

**रायपुर 21 सितंबर।** तेलीबांधा अंतर्गत लम्बे समय से श्याम नगर स्थित गुरुनानक चौक में अवैध ठेला गुमटी तथा दिहाड़ी मजदूरों के जमावड़े की शिकायत वार्ड वासियों तथा शहर वासियों से मिल रही थी वार्डवासियों के अनुसार प्रतिदिन सुबह सुबह सैकड़ों की संख्या में मजदूरों के चौक में जमा हो जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा मजदूरों के आड़ में कुछ असामाजिक तत्व वहां नशे का व्यापार भी अवैध तरीके से संचालित करने का प्रयास कर रहे थे





जिससे आने वाले समय मे कोई भी अप्रिय घटना वहां घट सकती थी। वार्डवासियों के शिकायत के बाद कुछ दिन बाद मौखिक रूप से चौड़ी के मजदूरों को समझाइश दी गयी थी पर व्यवस्थापन उपरांत उचित स्थान नही मिलने की वजह से वहां आये दिन मजदूरों का जमावड़ा लगा रहता था। उक्त सभी बातों को संज्ञान लेते हुए रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा आज सुबह मौके पर पहुंचे तथा निगम,पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में सभी मजदूरों को तेलीबांधा स्थित अटल पथ के ओवर ब्रिज के नीचे व्यवस्थापित किया गया और आगामी दिनों में गुरुनानक चौक में एकत्र नही होने देने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित निगम के ज़ोन कमिश्नर तथा बाकी अधिकारियों को निर्देशित कर तुरन्त ही मजदूरों के बैठने के लिए सीमेंट कुर्सी की व्यवस्था की गई है। तथा स्थानीय विधायक ने निगम को निर्देशित किया है कि मजदूरों की सहूलियत के लिए आने वाले दिनों में पंखे की व्यवस्था तथा शौचालय निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। इस बीच सुनील कुकरेजा, रोहित साहू, हरीश सिंह ठाकुर, जितेंद्र साहू, संतोष साहू, सोनू सलूजा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26